


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-14 | सीहोर, मंगलवार 25 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## संभल मस्जिद भी सरकारी जमीन पर बनी

### - सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार का दावा


नई दिल्ली,(ए)। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर दावा किया है कि संभल की शाही जामा मस्जिद और उसके पास स्थित



विवादित कुआं सार्वजनिक भूमि पर बने हैं। राज्य सरकार का कहना है कि मस्जिद समिति इस संपत्ति पर निजी अधिकार स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

योगी सरकार के हलफनामे के अनुसार, मस्जिद का प्रवेश द्वार के पास स्थित कुआं धार्मिक स्थल का हिस्सा नहीं है। यह कुआं लंबे समय से सभी समुदायों के लिए खुला था और 2012 में इसे ढक दिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, मस्जिद भी सरकारी जमीन पर स्थित है।सरकार ने मामले की जांच के लिए एसडीएम, पुलिस अधिकारी और नगर पालिका के प्रतिनिधियों की तीन सदस्यीय समिति बनाई थी। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट में बताया गया कि कुआं मस्जिद के चारदीवारी के अंदर नहीं, बल्कि बाहर है। यह सभी धर्मों के लोगों द्वारा वर्षों से उपयोग किया जाता रहा है। 1978 के दंगों के बाद कुएं के ऊपर पुलिस चौकी बनाई गई थी। सरकार ने यह भी कहा कि संभल जिले में 19 ऐतिहासिक कुओं के जीर्णोद्धार की योजना बनाई गई है, जिसमें विवादित कुएं का भी संरक्षण शामिल है। इस योजना के तहत 123.65 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।यह मामला तब शुरू हुआ जब स्थानीय अदालत ने मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया, जिससे विवाद बढ़ गया। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद 16वीं शताब्दी में एक मंदिर को तोड़कर बनाई गई थी। इस मुद्दे को लेकर हिंसा भी हुई थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी।सुप्रीम कोर्ट ने 10 जनवरी को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। अब 25 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी, जिसमें सरकार और मस्जिद समिति के दावों पर चर्चा होगी।

# दुनिया को भारत से बहुत आशाएं, भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में बोले पीएम मोदी






भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है।

राजधानी के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में चाहे जन सामान्य हो या नीति के जानकार, या देश अथवा संस्थान, सभी को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। पिछले कुछ समय में जो कमेंट्स आए हैं, वे भारत में हर निवेशक का उत्साह बढ़ाने वाले हैं। वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी वाला देश बना रहेगा। क्लाइमेट चेंज की एक संस्था ने भारत को सोलर पावर का सुपर पावर कहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्लोबल एयरोस्पेस के लिए कैसे भारत एक बेहतरीन सप्लाई चेन के तौर पर उभर रहा है। ग्लोबल सप्लाई चेन चैलेंजिंग का जवाब वे भारत में देख रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जो भारत पर दुनिया के कॉन्फिडेंस को दर्शाते हैं। यह कॉन्फिडेंस भारत के हर राज्य का भी कॉन्फिडेंस बढ़ा रहा है और आज यह मध्य प्रदेश की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में भी महसूस किया जा रहा है।उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश जनसंख्या के हिसाब से भारत का पांचवा बड़ा राज्य है। मध्य प्रदेश कृषि के मामले में भारत के प्रमुख राज्यों में है। खनिज के हिसाब से भी मध्य प्रदेश देश के पांच प्रमुख राज्यों में से है। मध्य प्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद भी प्राप्त है। मध्य प्रदेश संभावनाओं से भरा हुआ है। बीते दो दशकों में मध्य प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन का नया दौर देखा गया है। एक समय था जब यहां बिजली, पानी की बहुत सी दिक्कत थी, कानून-व्यवस्था की स्थिति तो और भी खराब थी। ऐसे हालात में यहां इंडस्ट्रीज का विकास बहुत मुश्किल था। बीते दो दशकों में मध्य प्रदेश के लोगों के सहयोग से यहां की भाजपा सरकार ने गवर्नेंस पर फोकस किया।पीएम मोदी ने आगे कहा, दो दशक पहले तक लोग मध्य प्रदेश में निवेश करने से डरते थे, आज मध्य प्रदेश इन्वेस्टमेंट के लिए देश के राज्यों में टॉप के राज्यों में स्थान बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि जिस मध्य प्रदेश में कभी सड़कों के कारण बसे तक नहीं चल पाती थीं, वह इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में भारत के लीड राज्यों में से एक है।

### गौतम अदाणी ने पीएम मोदी और सीएम यादव के नेतृत्व की सराहना की, कहा- मध्य प्रदेश में कारोबार के लिए माहौल अनुकूल

भोपाल(आरएनएस)। देश के दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के परिवर्तनकारी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि दोनों नेताओं के कारण भारत का कद वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है और साथ ही मध्य प्रदेश में बिजनेस के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है।राज्य की राजधानी भोपाल में सोमवार को शुरू हुई दो दिवसीय मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में अदाणी ग्रुप ने ऐलान किया कि वह मध्य प्रदेश में 1.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा और इससे करीब 1.20 लाख नौकरियां पैदा होंगी। गौतम अदाणी ने पीएम मोदी की मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी महत्वपूर्ण पहलों के प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भरता और इनोवेशन की ओर जाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के नए आत्मविश्वास और सम्मान की सराहना की और इस पुनरुत्थान का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों को दिया। गौतम अदाणी ने कहा, आपके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को हमेशा के लिए नया आकार दे दिया है। आपने हमारे देश को एक ऐसे राष्ट्र में बदल दिया है जो कभी वैश्विक रुझानों का अनुसरण करता था, लेकिन अब उन्हें परिभाषित करने वाले राष्ट्र में बदल गया है।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने ऑटो एक्सपो का अवलोकन कर जबलपुर व्हीकल फैक्ट्री द्वारा निर्मित आर्मर्ड व्हीकल की सवारी की

## पेड़ से टकराने के बाद डिवाइडर तोड़कर बस से जा भिड़ी एसयूवी कार, 6 की मौत-2 घायल

जबलपुर(आरएनएस)। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के खितौली थाना क्षेत्र के पहरेवा इलाके में सोमवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज से जबलपुर जा रही एसयूवी गाड़ी पहले पेड़ से टकराई और फिर डिवाइडर तोड़ते हुए रॉंग साइड पर पहुंच गई।



इस दौरान दूसरी तरफ से एक बस जबलपुर से कटनी जा रही थी दोनों गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही 6 लोगों की मौत हो गई वहीं इस घटना में 2 लोग घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहंची और सबसे पहले ट्रैफिक को चालू किया गया।

मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं 2 घायलों को सिहोरा अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। मृतकों की पहचान विरुपक्सि गुमती, बस्वराज कुरति, बालाचंद्र और राजू के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान सदाशिव और मुस्ताफ के रूप में हुई है।

## एमपी में बड़ा निवेश करेंगे अडानी




भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल स्थित मानव संग्रहालय में सोमवार से शुरु हुई दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन अलग-कंपनियों, उद्योपतियों और सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में 3 लाख 71 हजार 200 करोड़ के एमओयू हुए हैं। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने समिट के दौरान कहा कि, जीआईएस-2025 में आना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत आपके दूरदर्शी कदम है। अडानी ग्रुप अबतक मध्य प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है। हम एमपी में 1 लाख 10 हजार करोड़ का निवेश करेंगे। हम सीमेंट, माइनिंग और थर्मल एनर्जी में निवेश करेंगे। इस निवेश से 2030 तक 1 लाख 20 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। हम सरकार के साथ मल्टीस्मार्ट सिटी और एयरपोर्ट सिटी के निर्माण के लिए भी चर्चा कर रहे हैं। मध्य प्रदेश औद्योगिक प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। गोदरेज इंडस्ट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर नादिर गोदरेज ने अपने संबोधन में कहा कि, गोदरेज मध्य प्रदेश में अपना निवेश बढ़ाएगी। मध्य प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। इसलिए यहां निवेश करना बुद्धिमानी का काम है। गोदरेज का मध्य प्रदेश में सालों से निवेश कर रही है। मध्य प्रदेश के मालनपुर में गोदरेज का निवेश है। उपभोक्ता भी कहते हैं कि, मध्य प्रदेश में निवेश करना फायदेमंद है।आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कई सेक्टर्स में डेवलपमेंट की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की अर्थव्यवस्था को नए आयाम मिले हैं। मध्य प्रदेश कृषि क्षेत्र में पावर हाउस है।

### अरविंद केजरीवाल के हारने पर डांस कर रही थीं आतिशी : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पूर्व सीएम और आप नेता आतिशी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल हार गए थे और 8 तारीख को आतिशी खुश हो रही थीं। डांस कर रही थीं। आतिशी आज भी बहुत खुश हैं क्योंकि इस हाउस में अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन नहीं हैं। आतिशी इतनी खुश हैं कि मैं आपको बता नहीं सकता। प्रवेश वर्मा से बाबा साहेब आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा आप-दा वाले लोगों का काम है कि दिल्ली में विकास नहीं करना है। इनको दस सालों का समय मिला और इन्होंने दिल्ली को बद से बदतर कर दिया। आज भी इन्होंने हाउस की गरिमा को खराब किया। ये हाउस दिल्ली की जनता के विश्वास के ऊपर है।




## अभिनेता अक्षय कुमार ने संगम में लगाई डुबकी, व्यवस्थाओं की तारीफ की


प्रयागराज,(ए)। अभिनेता अक्षय कुमार का संगम में डुबकी लगाते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह संगम में आस्था की डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं। डुबकी लगाने के बाद अक्षय ने महाकुंभ के इंतजामों की



तारीफ की और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। संगम में स्नान करने के बाद अक्षय ने कहा कि बहुत ही मजा आया, बहुत बढ़िया इंतजाम किए गए हैं।अक्षय ने कहा कि 2019 में जब पिछला कुंभ हुआ था, तब लोग गठरी बांधकर आते थे, लेकिन इस बार महाकुंभ में बड़े-बड़े लोग पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार अंबानी-अडानी आ रहे हैं, बड़े एक्टर आ रहे हैं। यह देखना बहुत अच्छा लग रहा है कि किस तरह महाकुंभ के स्तर को और ऊंचा किया गया है।अक्षय ने महाकुंभ में मौजूद पुलिस, सुरक्षाकर्मी और वर्कर्स की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सभी ने बहुत मेहनत की है और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा।

## न्यूयॉर्क से उड़ते ही मिली विमान को बम से उड़ाने की धमकी, रोम में कराई आपात लैंडिंग

### दिल्ली आ रहा था विमान सभी यात्री सुरक्षित, मामले की जांच शुरु




नई दिल्ली,(ए)। रविवार को न्यूयार्क से दिल्ली जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद उसे रोम की ओर डायवर्ट कर दिया। इस घटना से विमान के सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में तनाव का माहौल था, लेकिन विमान को रोम में सुरक्षित लैंडिंग के बाद सभी ने राहत महसूस की।अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट एए 292, जो न्यूयार्क के कैनेडी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के बाद जब कैस्पियन सागर के ऊपर थी, तब चालक दल को विमान में बम होने की धमकी मिली। यह धमकी मिलने के बाद विमान को तत्काल यूरोप की ओर मोड़ दिया। चालक दल ने स्थिति को गंभीरता से लिया और विमान को रोम की दिशा में मोड़ते हुए हाई अलर्ट के साथ सुरक्षित लैंडिंग के लिए इटली के रोम में लियोनार्डो दा विंची फ्यूमिसिनो हवाईअड्डे पर उतारने का फैसला लिया।

विमान का सुरक्षित लैंडिंग के बाद एयरलाइंस ने कहा कि न्यूयार्क से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एए 292 को विमान में संभावित खतरे के कारण डायवर्ट किया गया। इस मामले की जांच की जा रही है और विमान में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। इस घटना के बाद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली सीएम ऑफिस से हटी बाबा साहेब और भगत सिंह की फोटो ,आप ने कहा -भाजपा सिख-दलित विरोधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में आज से विधानसभा सत्र शुरू है. इस बीच सदन में विपक्ष की नेता आतिशी ने बीजेपी सरकार के ऊपर बड़ा आरोप लगाया है. उसने दावा किया है कि विधानसभा में मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबा साहेब और भगत सिंह की तस्वीर को हटा दिया गया है. वहीं, आम आदमी पार्टी ने बीजेपी को दलित विरोधी करार दिया है.आप नेता आतिशी ने कहा कि बीजेपी की दलित विरोधी मानसिकता जगजाहिर है. आज बीजेपी ने अपनी असली मानसिकता का प्रमाण देश के सामने रख दिया है. दिल्ली सरकार ने हर कार्यालय में बाबा साहेब और भगत सिंह की फोटो लगाने का फैसला किया था।

### बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा : नीतीश कुमार

भागलपुर (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर में आयोजित पीएम किसान सम्मान समारोह में सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है तथा बिहार के विकास में सहयोग मिल रहा है।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर के किसानों को खुशियों की सौगात देते हुए पीएम किसान सम्मान योजना की 19वीं किश्त जारी की। इसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी गई। इसके अलावा भी कई योजनाओं की सौगात मिली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2005 में हमलोग सत्ता में आए थे। उसके पहले बिहार की क्या हालत थी। शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था और समाज में काफी विवाद होता था। हिंदू, मुसलमान में भी झगड़ा होता था, तब बिहार के 28 हजार करोड़ रुपये थे, लेकिन आज यह तीन लाख करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने केंद्रीय बजट की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में मखाना बोर्ड, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नगर के लिए वित्तीय सहायता, प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार को पिछले केंद्रीय बजट में भी काफी कुछ दिया गया था।उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बिहार से देश भर के किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की राशि उनके खाते में भेजी जा रही है।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जीआईएस-2025 का शुभारंभ प्रदेशवासियों के लिये गौरवशाली क्षण

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश की राजधानी और झीलों की नगरी भोपाल में सोमवार को नया इतिहास रचा गया है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि 8 वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के इस ऐतिहासिक समागम का शुभारंभ हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद के साथ हुआ है। ये दो दिन मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। इस वर्ष की थीम है 'अनंत संभावनाएँ', जो मध्यप्रदेश में उद्योग और निवेश की असीमित संभावनाओं को दर्शाती है। इन्वेस्टर्स समिट के रूप में निवेश मनीषियों का यह समागम अनंत संभावनाओं के साथ विकास का नया इतिहास लिखने जा रहा है। हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि राजा भोज की नगरी भोपाल अपने गौरवशाली अतीत के साथ भविष्य की स्वप्निल उड़ान के लिये तैयार है। हमें अति प्रसन्नता है कि दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के सबसे बड़े नायक, यशस्वी प्रधानमंत्री स्वयं इस समिट के साक्षी बने और उन्होंने मध्यप्रदेश को स्वर्णिम विकास का आशीर्वाद दिया। समिट में अनेक देशों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक बंधु, मध्यप्रदेश के प्रवासी मित्र आदि शामिल हुए हैं। मैं इस समिट में पधारे सभी निवेशकों का अपने हृदय की गहराइयों से मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से स्वागत करता हूं।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी



अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरी दुनिया में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत आर्थिक और सामरिक रूप से विश्व में सर्वश्रेष्ठ शक्ति बने। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प के अनुरूप ही मध्यप्रदेश ने विकास की रूपरेखा तैयार की है। विकास का यह स्वरूप विरासत के साथ वैश्विक भी है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम एक वर्ष पहले निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा पर निकले। मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। यह जल, वन,खनिज,पुरा और कृषि संपदा से समृद्ध है। विविधता से संपन्न प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है, मेधा है और आवश्यकता है। इसी को केन्द्र में रखकर हमने पहली बार सबसे पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। इसमें प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्यम शामिल हुआ। हमने व्यापार में सरलता और निवेशकों के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता दी। मार्च 2024 में उज्जैन से शुरू हुई इस निवेश यात्रा में जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी और जापान आदि शामिल हैं। इन विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रोड-शोज के माध्यम से मध्यप्रदेश ने 4.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इन निवेश प्रस्तावों ने लगभग 2 लाख नए रोज़गार के अवसर सृजित किए हैं, जो प्रदेश के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

हमने वर्ष-2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया और लक्ष्य निर्धारित किया। इसी दिशा में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये। निवेश को सरल,सहज और व्यवहारिक बनाने के लिए विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां बनाई गईं। निवेश, उद्योग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 19 नई नीतियां लेकर आए हैं। इन नीतियों से ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल एवं गारमेंट, कृषि, दवा उत्पादन, आईटी, डाटा सेंटर एवं जी.सी.सी, एनिमेशन एवं गेमिंग, ड्रोन एवं सेमी-कंडक्टर, खनिज, पेट्रोलियम, पर्यटन, शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश कर अच्छा वित्तीय लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को देश का टेक्सटाइल कैपिटल और मैन्युफैक्चरिंग का फेवरिट डेस्टिनेशन कहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

## महिला सशक्तिकरण के लिये सामाजिक जागरूकता की और अधिक जरूरत : मंत्री श्री सारंग



भोपाल (ए.)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिये समाज को और अधिक जागरूक करने की जरूरत है । महिलाओं को स्वयं को कमजोर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा और कि महिला सशक्त होगी तो घर, समाज, देश सशक्त होगा। महिलाओं के बिना पुरुष भी अधूरा है। मंत्री श्री सारंग ने जीआईएस में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के तहत महिलाओं को सशक्त बनने और अधिक सामाजिक संकेतकों में सुधार करना विषय पर संबोधित किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 में भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बने। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उनके सशक्त होने से ही देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी, वृद्ध अपने आपको अबला न समझे।

## वीआईपी रोड पर चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला



भोपाल(ए.)। राजधानी के वीआईपी रोड पर सोमवार शाम करीब 6 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब यहां से गुजर रही एक चलती कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही की पुलिस ने नगर निगम के सीवेज टैंकर के कर्मचारियों की मदद से पानी डालकर आग को समय रहतेबुझा दिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक इंदौर के एक कारोबारी लग्जरी कार में ड्रायवर के साथ इंदौर जाने के लिये वीआईपी रोड से रेत घाट से लालघाटी की और जा रहे थे। कोहेफिजा चौराहे से थोड़ा आगे जाने पर अचानक ही चलती कार के इंजन में आग लग गई। अगले हिस्से में लगी आग देखते ही कार चालक ने फौरन कार को सड़क किनारे किया और उसमें सवार कारोबारी और चालक दोनों उतरकर बाहर निकल आए। वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यहाँ तैनात पुलिसकर्मी फौरन मौके पर पहुंचे। पुलिस से मिली सूचना पर फौरन ही नगर निगम के कर्मचारियों फौरन ही सीवेज टैंकर लेकर मौके पर पहुचें और पानी डालकर जल्द ही कार में लगी आग को बुझा दिया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह जल गया। गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वरना पूरी गाड़ी ही आग की आपकी चपेट में जाकर जल जाती और बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने का कारण साफ नहीं हो सका है।

## नगरीय विकास एवं आवास विभाग की प्रदर्शनी में 3डी इंटेलिजेंस का प्रदर्शन

भोपाल (ए.)। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हो रहे जीआईएस समिट में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी, मेट्रो, हाउसिंग बोर्ड, विकास प्राधिकरण की योजना और निवेश के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में प्रदेश में अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी से जुड़े निवेश की जानकारी को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी की खास बात यह हैं की कार्यक्रम स्थल पर आभासी वास्तविक तकनीक पर आधारित डार्क रूम बनाया गया है। जिसमें 3डी इंटेलिजेंस की शहरी नियोजन में उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया है। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का शहरी सुविधाओं में उपयोगिता का भी प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी में इंदौर नगर निगम का सीएनजी प्लांट का मॉडल और मेट्रो रेल के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए हैं। निवेशक उत्साह के साथ नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का आनंद ले रहे हैं।

## भोजपुर सहित 9 स्थानों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेव सांस्कृतिक स्वरूप में दिखेगी शिव की महिमा

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष भोजपुर शिव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला महादेव भोजपुर उत्सव 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सांस्कृतिक स्वरूप में भगवान शिव की महिमा दर्शायी जायेगी। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क होगा। संचालक, संस्कृति एन.पी.नामदेव ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतिष्ठित आयोजन के पहले दिन सबसे पहले शिव भाई गुप्ता, खरगोन का लोकगायन, इसके बाद अभिलाष चौबे,



सागर का बधाई लोकनृत्य, हीरामणि वर्मा, उज्जैन का मटकी लोकनृत्य और अंतिम प्रस्तुति सुप्रसिद्ध सितार वादक और गायक ऋषभ रिखीराम शर्मा, मुम्बई का भक्ति गायन होगा।महादेव में दूसरे दिन 27 फरवरी, 2025 को ताल वाद्यकचहरी में शिव तांडव की प्रस्तुति अंशुल प्रताप सिंह एवं साथी, भोपाल द्वारा होगी। इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें डॉ.हरिओम पंवार, अनामिका अम्बर, विष्णु सक्सेना, बलराम श्रीवास्तव, अमन अक्षर और लक्ष्मण नेपाली अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। महादेव में तीसरे दिन 28 फरवरी, 2025 को भोजपुर मंदिर के दिव्य परिसर में सबसे पहले लोकगायन होगा, जिसे प्रस्तुत करेंगे राजकुमार ठाकुर, सागर, इसके बाद गणगौर नृत्य संजय महाजन, बड़वाह, बरेदी एवं नौरता नृत्य अमित घारू, सागर द्वारा दी जाएगी। अंतिम प्रस्तुति सुगम संगीत की होगी, जिसे अरुणीता कुंजीलाल — नचिकेत लेले एवं ग्रुप, मुम्बई द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के साथ राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले कलाकार।

## जापान से मध्यप्रदेश में निवेश के खुलेंगे नए द्वार



*-जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर विशेष सत्र आयोजित*

*-भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में क्रॉस कंट्री सेशन*

भोपाल (ए.)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पार्टनर कंट्री जापान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने और मध्यप्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलने के लिए एक महत्वपूर्ण क्रॉस कंट्री सेशन का आयोजन किया गया। सेशन में जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीक हस्तांतरण और साझा विकास के अवसरों पर चर्चा हुई। इसमें जापान और भारत के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश एवं व्यापारिक संबंधों को सशक्त करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कौंसुलेट जनरल ऑफ जापान यागी कोज़ी, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के डायरेक्टर जनरल हीरोयुकी कितामारु, जेट्रो के डायरेक्टर संजय भाटिया और ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हिरोशी योशीजाने ने अपने विचार रखे। इन विशेषज्ञों ने जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिये। सेशन के दौरान जापानी प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास, तकनीकी और व्यापारिक साझेदारी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य में ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में जापानी कंपनियों के लिए असीम संभावनाएं मौजूद हैं। कौंसुलेट जनरल श्री यागी कोज़ी ने अपने संबोधन में कहा कि जापान और भारत के संबंध ऐतिहासिक रूप से काफी मजबूत रहे हैं और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ी हैं।

## भोपाल रेल मंडल के स्काउट-गाइड ने वेडेन पावेल का जन्मदिन विचार दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया



भोपाल (निप्र)। भोपाल रेल मंडल के स्काउट-गाइड सदस्यों ने स्काउटिंग के जनक वेडेन पावेल का का जन्मदिन विचार दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर स्काउट-गाइड सदस्यों द्वारा ऐतिहासिक स्थल भीमबेटका में एक हाईक का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के 75 स्काउट-गाइड सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने वहाँ हाईकिंग की, कैंप स्थापित किया और श्रमदान के रूप में स्थल की सफाई कर योगदान दिया। उन्होंने आसपास फैले कचरे और पॉलीथिन को हटाकर स्वच्छता में सहयोग किया। हाईक के दौरान प्रतिभागियों ने प्राकृतिक धरोहर और ऐतिहासिक गुफाओं के संरक्षण एवं महत्व को समझा। इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल मुख्य आयुक्त स्काउट-गाइड श्रीमति रश्मि दिवाकर रहीं, उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्काउटिंग न केवल युवाओं में नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित करती है, बल्कि उन्हें समाज सेवा और नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देती है। इस अवसर पर मंडल आयुक्त स्काउट-गाइड एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी विजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने स्काउटिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को अनुशासन, सेवा और आत्मनिर्भरता की सीख दी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे प्रशासन स्काउट-गाइड गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सदैव तत्पर है। इस प्रकार के आयोजनों से स्काउट-गाइड के सदस्यों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित होती है।

## भोपाल में पीएम मोदी की अध्यक्षता में भाजपा सांसदों-विधायकों की बैठक, विकसित मध्यप्रदेश पर हुई चर्चा

भोपाल (आरएनएस)। आज भोपाल में नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश भाजपा के सांसदों एवं विधायकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री जी का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं भविष्य के विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव,उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी ड़ी शर्मा एवं पार्टी के अन्य सांसद तथा विधायक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के स्वागत में गोलघर पर रंगोली बना,दीप जलाकर की गई आतिशबाजी

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में पधार रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर गुरुनानक मंडल द्वारा गोल घर पर आतिशबाजी की गई एवं दीपक जलाए गए। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए नए अवसर खोल रहा है। यह समिट व्यापार के नए आयाम खोजने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।इस अवसर पर महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, नरेंद्र ठाकुर, पी सी कनर्जी, विवेक तिवारी, कैलाश हिरवे, मुकेश गांठे, संजय राठौर, नितिन बम्मान, सुनील शुक्रवारे, अजय सर्विया, रोबिन परोचे, राज मकोरिया, रोहित सहित युवा साथी उपस्थित थे।

## ग्लोबल साउथ - रीजनल कोआपरेशन इन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट सेशन में डेलीगेट्स ने किये विचार व्यक्त

### कृषि, पर्यटन, खनिज और फार्मास्युटिकल्स में है निवेश की असीम संभावनाएँ

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश भारत के प्रगतिशील राज्यों में से एक है। कृषि, पर्यटन, खनिज और फार्मास्युटिकल्स में है निवेश की असीम संभावनाएँ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के अंतर्गत सेशन ग्लोबल साउथ - रीजनल इन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट को-ऑपरेशन में डेलीगेट्स ने यह विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र सुश्री स्वाति सालगांवकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ देशों के साथ भारत आर्थिक, व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिये लगातार कार्य कर रहा है। मध्यप्रदेश भी इन देशों के साथ सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध बढ़ाने के लिये अग्रणी भूमिका निभा रहा है। दुष्यंत ठाकुर ने ग्लोबल डेवलपमेंट पैक्ट के बारे में जानकारी दी। सुश्री मार्टिन मायरे ने भी विचार व्यक्त किये। दक्षिण अफ्रीका के फर्स्ट सेकेट्री पॉलिटिकल श्री खाटूटशेलो इ. थगवाना ने कहा कि



भोपाल में आयोजित यह समिट निवेश के साथ संबंधों को समृद्ध करने में भी बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। हम मिलकर कार्य करेंगे और निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को एक्सप्लोर करेंगे। रवांडा की हाई कमिश्नर सुश्री जैकलिन मुकानगिरा ने कहा कि भोपाल की मेरी यह पहली यात्रा है। मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शानदार आयोजन के लिये बधाई देती हूँ। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भारत सबसे बड़ा इन्वेस्टर्स है। मध्यप्रदेश में ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहाँ निवेश हो सकता है। वेनेजुएला के मिनिस्टर काउंसलर श्री जुआन गोल्डनिक ने कहा कि मध्यप्रदेश इन्वेस्टमेंट के लिये बेहतर डेस्टिनेशन है। उन्होंने कहा कि यह समिट बिजनेस और निवेश के लिये उपयोगी सिद्ध होगी। यूएई के डायरेक्टर ऑफ यूएई इंडिया सीईपीए काउंसिल अहमद मोहम्मद मुबारक अलज़नेबी ने कहा कि निवेश के विभिन्न पहलुओं पर दोनों देश कार्य कर रहे हैं। वियतनाम के फर्स्ट सेक्रेटरी सुश्री हांग थियेन ने कहा कि मध्यप्रदेश की इन्वेस्टमेंट पॉलिसी निवेशकों के लिये बहुत उपयोगी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि निवेशक इसका पूरा लाभ उठायेंगे। माली के श्री एम्बेसडर फेलिक्स डिआलो, थाईलैंड के काउंसिल जनरल, मुंबई श्री डोनाविट पूलसाबट और मेक्सिको के ट्रेड कमिश्नर डेनियल डेलगाडो ने भी मध्यप्रदेश की इन्वेस्टमेंट पॉलिसी की सराहना की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मध्यप्रदेश द्वारा किये जा रहे प्रयासों से इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा। कृषि, माइनिंग और अधोसंरचना के क्षेत्र में बेहतर सहयोग की संभावनाएँ हैं। पनामा के सुश्री यानिट जेल दौरते गैरीबाल्डो ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों के हित में फिर दिखाई संवेदनशीलता

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी प्रातः 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होने वाले थे। सोमवार को विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनिट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री मोदी अब प्रातः 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र पर आसानी से पहुँचने के लिये लिया। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विद्यार्थियों के हित में लिये गये इस निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता हमें सदैव प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये सदैव संवेदनशील रहते हैं और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कर उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिये अत्यंत लोकप्रिय और प्रेरणादायी सिद्ध हो रहा है।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में मेहमानों को मिलेगी इंडियन मोनालिसा

### शालभंजिका की प्रतिकृति और बदरवास जैकेट

भोपाल (ए.) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय इनवेस्टर्स समिट के दूसरे दिन 25 फरवरी 2025 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा स्टार्ट-अप समिट आधारित सत्र होगा। एमएसएमई आयुक्त दिलीप कुमार ने सत्र की जानकारी देते हुए बताया कि समिट सत्र में शामिल होने वाले देश-विदेश के मेहमानों को खास उपहार दिया जाएगा। मेहमानों को मध्यप्रदेश शासन की एक जिला-एक उत्पाद पहल अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा चयनित ज़िला ग्वालियर का गौड़क गुरकान वाली शलभंजिका की प्रतिकृति दी जाएगी। साथ ही शिवपुरी जिले का बदरवास जैकेट भी भेंट स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आयुक्त दिलीप कुमार ने शालभंजिका के बारे में बताया कि 10वीं शताब्दी की यह पाषाण प्रतिमा विदिशा के पास ग्यारसपुर गांव में खुदाई के दौरान मिली थी। देशभर में ख्यात यह शलभंजिका अनमोल है। मूर्ति में महिला के चेहरे पर अद्वितीय मुस्कान के कारण इसे इंडियन मोनालिसा कहा जाता है। साथ ही इसे वृक्ष देवी भी कहा गया है।

# भगवान जागेश्वरनाथ को चढ़ी हल्दी, दो दिन बाद बनेंगे दूल्हा...महाशिवरात्रि पर धूमधाम से होगा विवाह

दमोह (ए.)। दमोह जिले सहित बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र बांदकपुर में विराजमान भगवान जागेश्वरनाथ को सोमवार को हल्दी चढ़ाई गई। इस दिन प्रदेशभर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान को हल्दी का लेपन किया। बुधवार की रात महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती का धूमधाम से विवाह संपन्न होगा। दिन में शहर के विभिन्न स्थानों से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी और रात में जोगेश्वरधाम बांदकपुर में शिव-पार्वती विवाह संपन्न होगा। इस पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए मंदिर पहुंचे।

**महिलाओं ने किया हल्दी लेपन**

सोमवार को भगवान जागेश्वरनाथ जी को हल्दी चढ़ाई गई। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु बांदकपुर पहुंचे और भोलेनाथ को हल्दी का लेपन किया। जैसे विवाह से पूर्व दूल्हे को हल्दी लगाई जाती है, उसी प्रकार श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान जागेश्वरनाथ जी को हल्दी अर्पित की। इस दौरान महिलाएं बधाई गीत गाकर उत्सव का माहौल बना रही थीं।



**महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी बारात**

दमोह सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रसिद्ध जागेश्वरधाम बांदकपुर में महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। दिन में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकलेगी और रात को शिव-पार्वती विवाह विधि-विधान से संपन्न होगा। कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है और उनके स्वागत के लिए जगह-जगह जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। कांवड़िए बरमानघाट से नर्मदा जल लेकर भगवान को अर्पित करने के लिए आ रहे हैं।

**मंदिरों में विशेष तैयारियां**

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तीर्थ क्षेत्र जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर के अलावा शहर के जटाशंकर धाम, मड़कोलेश्वर धाम, बड़ी देवी मंदिर, शिव-शनि-हनुमान मंदिर, फुटेरा तालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर, हटा नगर के गौरीशंकर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी तैयारियां जोरों पर हैं।

## नकली कारखाने में बन रहे थे ब्रांडेड शैंपू, पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा, सामान भी किया जब्त

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर पुलिस ने नकली शैम्पू बनाने के कारखाना का खुलासा किया है है। जहां, प्रोक्टर एंड गेम्बल कंपनी के शैम्पू केमिकल और कलर मिलाकर बनाए जा रहे थे। पुलिस ने 50-50 किलो के पैक में भरकर रखे गए नकली शैम्पू और पैकिंग का सामान बरामद कर नकली शैम्पू की पैकिंग करते हुए 3 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य आरोपी अभी फरार है। दरअसल, ग्वालियर के थाटीपुर थाने में दिल्ली के संगम विहार निवासी आशीष पांडे ने शिकायत की थी कि बाजार के सर्वे के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि थाटीपुर में गोपाल सिंह गुर्जर के निवास पर नकली शैंपू बनाया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां प्रॉक्टर एंड गेम्बल कंपनी के पैंटीन, हेड एंड शोल्डर्स शैम्पु के खाली डिब्बों में नीली कैनों में से शैम्पू भर कर पैक किए जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने पैकिंग कर रहे नदीम खान, इकबाल खान और शकील खान को गिरफ्तार कर लिया। तीनों अरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने शैम्पू के 40 बॉक्स बरामद किए गए। जिसमें पैंटीन के 21 और हेड एंड सोल्डर्स के 19 डिब्बे थे। इसके अलावा नकली खाली 25 डिब्बे भी बरामद किए। इसमें पैंटीन के 11 हेड एंड सोल्डर्स के 14 और 2 केमिकल की कैन बरामद की है। जिसमें 50-50 किलो नीले कलर का लिक्विड भरा हुआ था। वहीं, 2 हीट मशीन भी मिली है, जिनमें एक पर एचओकेआई और दूसरे पर स्टनली लिखा था। कुछ अन्य कंपनी के शैम्पू के खाली डिब्बे तथा और भरे हुए पैक भी बरामद किए गए। जिस पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट का मामला दर्ज किया है।

## शराबी पति ने पत्नी की पीट-पीटकर मार डाला, फिर खुद लगाई फांसी, चरित्र पर करता था शक

उज्जैन (ए.)। उज्जैन जिले के महिदपुर रोड स्थित ग्राम सिंहदेवाला में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी और फिर खेत में नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, महिदपुर तहसील के गांव सिंहदेवाला निवासी शंभू सिंह राजपूत (40) का अपनी पत्नी सामू बाई (35) के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। रविवार को दोनों में एक बार फिर विवाद हो गया। इस दौरान शंभू सिंह ने सामू बाई के साथ मारपीट कर दी, जिसमें सामू बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में उसे महिदपुर रोड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत के बाद पुलिस ने शंभू सिंह की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद जानकारी मिली कि उसने खेत में नीम के पेड़ पर फांसी लगा ली है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को महिदपुर शासकीय अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दंपती के दो बच्चे, अंकित (15) और युवराज (11) हैं।

**शराब का आदी, पत्नी के चरित्र पर शक**

ग्रामीण एएसपी पल्लवी शुक्ला ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शंभू सिंह शराब का आदी था। वह अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी कारण दोनों के बीच लगातार विवाद होते थे। इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद शंभू सिंह ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## धोखाधड़ी करके करवाई जमीन की रजिस्ट्री, पैसे देने में आनाकानी कर रहे दबंग; शिकायत दर्ज

छतरपुर (ए.)। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के नुना गांव में एक दलित परिवार की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। पीड़ित सिद्धा अहिरवार ने आरोप लगाया है कि गांव के ही शैलेंद्र पटेल पिता मिही लाल पटेल ने उनकी जमीन की रजिस्ट्री दिनांक 19/02/2025 को छतरपुर ले जाकर करवाई, लेकिन अब तय राशि का भुगतान करने से इनकार कर रहे हैं।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए जमीन बेची थी, जिसकी शादी आगामी 2 मार्च को होनी है, लेकिन अब भुगतान न मिलने से वे परेशान हैं। पीड़ित सिद्धा अहिरवार ने अहिरवार समाज के दर्जनों लोगों के साथ गढ़ीमलहरा थाना पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और न्याय की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**खरीदार का पक्ष**

जब इस मामले में जमीन के खरीदार शैलेंद्र पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने जमीन को खरीदा और रजिस्ट्री कराई है। उन्होंने 2 लाख रुपये पहले ही दे दिए थे, जबकि बाकी 3.50 लाख रुपये जमीन के बंधक मुक्त होने और नामांतरण के बाद देने की बात कही थी। शैलेंद्र पटेल का कहना है कि सिद्धा अहिरवार की जमीन छतरपुर यूनियन बैंक में बंधक है। जब वे बैंक से बंधक मुक्त करवा लेंगे और नामांतरण हो जाएगा, तब बाकी भुगतान किया जाएगा।

## जबलपुर के पहेरवा में हुआ भयानक सड़क हादसा, छह की मौत, दो घायल, बस से टकराई तूफान गाड़ी




जबलपुर (ए.)। आज सुबह खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा इलाके में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से जबलपुर की ओर जा रही तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे पेड़ को तोड़ते हुए रांग साइड पर पहुंच गई, जहां उसकी टक्कर जबलपुर से कटनी जा रही एक बस से हो गई। हादसा सुबह लगभग साढ़े 4 बजे हुआ, जिसमें छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को पहले सिहोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिस बस से टक्कर हुई, वह कुछ देर घटनास्थल पर रुकने के बाद वहां से रवाना हो गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई और बस का नंबर अज्ञात है। पुलिस बस का पता लगाने में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया। शुरुआती जांच में बताया जा रहा है कि तूफान गाड़ी की तेज रफ्तार के कारण वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई थी, जिससे यह हादसा हुआ।

इधर सड़क दुर्घटना में मृत्यु की सूचना पर कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली।

## बागेश्वरधाम में आए 5 साल के बच्चे ने निगला एक रुपये का सिक्का, डॉक्टर ने सुरक्षित निकाला

छतरपुर (ए.)। मुंबई से अपने परिजनों के साथ बागेश्वरधाम दर्शन के लिए आए एक 5 साल के बच्चे ने खेल-खेल में 1 रुपये का सिक्का निगल लिया। परिजनों की तत्परता और डॉक्टर की सूझबूझ से सिक्के को सुरक्षित निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, मुंबई के बोरीवली निवासी कपिल जोशी अपनी पत्नी और 5 साल के बेटे श्याम जोशी के साथ बागेश्वरधाम दर्शन के लिए छतरपुर आए थे। दर्शन के दौरान खेलते समय श्याम ने गलती से 1 रुपये का सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में अटक गया।



## पिता की मौत का मुआवजा पाने प्रतिदिन 13 किमी पैदल चल रहा बेटा, फिर भी मिल रही निराशा

दमोह(ए.)। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के इमलीडोल गांव के धीरज गोंड अपने पिता की मौत के मुआवजे के लिए प्रतिदिन 13 किलोमीटर पैदल चलकर तेंदूखेड़ा तहसील कार्यालय पहुंच रहा है। बावजूद इसके, दो महीने से उसका काम नहीं हो पा रहा। हर बार उसे आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। धीरज गोंड इमलीडोल गांव का निवासी है। 14 अगस्त 2023 को उसके पिता चेतराम की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। अगले दिन पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पटवारी ने पंचनामा तैयार कर पूरा प्रकरण तहसीलदार को भेज दिया। सभी जरूरी दस्तावेज मौजूद होने के बावजूद अभी तक चार लाख रुपये की सहायता राशि नहीं मिली है।

**दो महीने से तहसील के चक्कर लगा रहा धीरज**

धीरज का कहना है कि वह पिछले दो महीने से लगातार तेंदूखेड़ा तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। उसने पांच महीने पहले ही अपनी मां के नाम से सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए थे, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिला। हर दिन उसे केवल आश्वासन दिया जाता है।

## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स 856 अंक टूटा, निफ्टी 22600 से नीचे पहुंचा



नई दिल्ली (ए.)। सोमवार को लगातार पांचवें सत्र में भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को बड़ी गिरावट दिखी।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 856.65 (1.13%) की गिरावट के साथ 74,454.41 पर था, जबकि निफ्टी 242.56 (-1.06%) अंक फिसलकर 22,553.35 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 86.72 रुपये (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। इसके अलावा रुपया चार पैसे टूटकर 86.72 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.68 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के स्थिर रहने से घरेलू मुद्रा में गिरावट सीमित रही।

इससे पहले शुक्रवार को भी कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी निवेशकों की निकासी के चलते घरेलू बाजार लाल निशान पर बंद हुआ था। शुक्रवार को बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स 500 अंकों तक फिसल गया, वहीं निफ्टी 22800 के नीचे आ गया। सेंसेक्स 399.75 (0.52त्न) अंक गिरकर 75,342.16 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं, निफ्टी 115.41 (0.50%) फिसलकर 115.41 (0.50%) पर पहुंच गया था।

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि आरबीआई 28 फरवरी को 10 अरब अमेरिकी डॉलर की तीन-वर्षीय खरीद/बिक्री अदला-बदली के लिए तैयार है, जिससे प्रीमियम में और कमी आएगी। निर्यातक तेजी के समय डॉलर बेच सकते हैं, जबकि आयातक अच्छी गिरावट पर इसकी खरीद कर सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.45 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर स्थिर रहा। शेयर बाजार के विशेषज्ञों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाली रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,449.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 86.67 डॉलर पर

नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे की बढ़त के साथ 86.67 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट, देश के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने इसकी बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर खुला। जल्द ही लेकिन शुरुआती बढ़त गंवाकर 86.67 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के बंद भाव से केवल एक पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.68 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.19 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 74.43 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर सपाट रहा।

## सोने के भाव 86,100 के करीब, चांदी लगभग 96,350 रुपए



**सोने और चांदी की गिरावट के साथ शुरुआत**

नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक बाजारा में सुस्त भाव के बीच सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इनके भाव में तेजी देखी जाने लगी। सोने के वायदा भाव 86,100 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव सुस्त शुरुआत के बाद चढ़ गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 12 रुपये की गिरावट के साथ 85,998 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 104 रुपये की तेजी के साथ 86,114 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 294 रुपये की गिरावट के साथ 95,906 रुपये पर खुलने के बाद 150 रुपये की तेजी के साथ 96,350 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने व चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। लेकिन बाद में इनके भाव सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,950.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,953.20 डॉलर प्रति औंस था। यह 1.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,954.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.85 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.01 डॉलर था। यह 0.02 डॉलर की तेजी के साथ 33.03 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## जरूरी सुझावः सिबिल स्कोर को खराब कर देता है कर्ज सेटलमेंट, युवाओं के बीच तेजी से फैल रहा चलन

नई दिल्ली (ए.) । खराब प्रोफाइल वालों की पहचान करने और उनको कर्ज देने से बचने के लिए बैंकिंग व




वित्तीय संस्थान लंबे समय से सिबिल स्कोर का उपयोग करते हैं। यह ऐसा पैमाना है, जिससे आपके कर्ज चुकाने की क्षमता से लेकर वित्तीय व्यवहार और अनुशासन की पहचान होती है। जब भी आप कर्ज लेने जाएंगे तो बैंक या वित्तीय संस्थान सबसे पहले सिबिल स्कोर देखते हैं। 700 से ऊपर का स्कोर ठीकठाक माना जाता है। यह 800 से ऊपर है तो बहुत ही अच्छा है और बैंकों के साथ कर्ज लेते समय कम ब्याज के लिए भी मोलभाव कर सकते हैं।

**पैसे बचाने के लिए सेटलमेंट नुकसानदेह**

बहुत सारे लोग कर्ज चुकाने के लिए बैंकों के साथ सेटलमेंट भी करते हैं। खासकर पर्सनल लोन और उसमें भी क्रेडिट कार्ड से जुड़े कर्जों की संख्या 90 फीसदी से ऊपर है, जिसे लोग सेटल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इनके एवज में कोई गारंटी नहीं होती है, जबकि होम लोन या कार लोन जैसे कर्ज लेने के एवज में बैंकों के पास यह विकल्प होता है कि वे आपके मकान या कार को वापस ले सकते हैं, जिससे उनके लोन की कुछ भरपाई हो जाती है। हालांकि, क्रेडिट कार्ड और कुछ अन्य पर्सनल लोन में यह सुविधा नहीं होती है।

**युवाओं के बीच तेजी से फैल रहा चलन**

आजकल के युवा पूरे खर्च को क्रेडिट कार्ड के जरिये चला रहे हैं। चूंकि, क्रेडिट कार्ड के उपयोग में तुरंत पैसा नहीं देना होता है और कार्ड जारी करने वाला संस्थान बिना ब्याज के कुछ दिन तक भुगतान करने की मोहलत देता है। ऐसे में युवा बिना सोचे समझे क्षमता से ज्यादा खर्च करते हैं और बाद में बिल भरने के समय वे समझौते पर आ जाते हैं।याद रखिए, बैंक या वित्तीय संस्थान कुछ कम-ज्यादा कर समझौते तो कर लेते हैं, लेकिन वे सिबिल स्कोर भी खराब कर देते हैं।

**बैंकों-वित्तीय संस्थानों को भेजी जाती है रिपोर्ट**

आप जब क्रेडिट कार्ड का समझौता कर लेते हैं और बाकी बचे कर्ज का भुगतान कर देते हैं तो बैंक या वित्तीय संस्थान रिपोर्ट को खराब कर इसे सिबिल को भेज देता है। जब अगली बार कर्ज लेने जाते हैं तो दूसरा संस्थान इसी स्कोर को देखकर कर्ज देने से मना कर देता है।

अगर छोटा संस्थान कर्ज देने के लिए तैयार भी होता है तो वह ज्यादा ब्याज लेता है। इसका अर्थ है कि आपने समझौते के तहत कुछ रकम जरूर बचा ली, लेकिन आगे कर्ज लेने का रास्ता बंद हो जाता है।

## बढ़ते तापमान से 2030 तक 30% कृषि कर्ज डूबने का खतरा, जलवायु परिवर्तन से प्रति व्यक्ति आय में गिरावट




नई दिल्ली (ए.) । बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के कारण अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक कृषि एवं आवासीय कर्ज के 30 फीसदी हिस्से के डूबने का जोखिम है। बीसीजी की एक विश्लेषण रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि औसत वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में करीब 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। इस कारण तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आ रही है और कृषि उत्पादन घट रहा है।?इसके परिणामस्वरूप, बढ़ती चरम मौसम की घटनाओं से प्रभावित लोगों की प्रति व्यक्ति आय में गिरावट आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का लगभग आधा कर्ज, प्रकृति और उसके पारिस्थितिकी तंत्र पर काफी हद तक निर्भर है। इसलिए, कोई भी प्राकृतिक आपदा उनके मुनाफे को प्रभावित करती है। अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत के 42 फीसदी जिलों में तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अगले पांच साल में तापमान वृद्धि से 321 जिले प्रभावित हो सकते हैं, जिससे लोगों की कमाई पर असर पड़ सकता है।

**नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के लिए भारत को करना होगा 200 अरब डॉलर तक का निवेश**

बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं भागीदार एशिया प्रशांत अभिनव बंसल ने कहा, भारत कोयले और कच्चे तेल से दूर होकर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत को यह बदलाव लाने/परिवर्तन करने के लिए सालाना 150-200 अरब डॉलर का निवेश करना होगा।

## रेलवे में एसी थ्री टियर की बंपर डिमांड! पांच साल में राजस्व में जबरदस्त उछाल, आंकड़े कर देंगे हैरान




नई दिल्ली (ए.) । भारतीय रेलवे में यात्रा का पैटर्न तेजी से बदल रहा है। एक समय स्लीपर क्लास राजस्व में सबसे बड़ा योगदान देता था, लेकिन अब एसी थ्री टियर ने इसकी जगह ले ली है। पिछले पांच वर्षों में इस श्रेणी से रेलवे को होने वाली कमाई में जबरदस्त उछाल देखा गया है। 2024-25 में, रेलवे के कुल अनुमानित 80,000 करोड़ रुपये के यात्री राजस्व में अकेले एसी थ्री टियर का योगदान 30,089 करोड़ रुपये (38त्न) रहने का अनुमान है। दिलचस्प बात यह है कि सिर्फ 26 करोड़ यात्री (कुल 727 करोड़ में से 3.5त्न) एसी थ्री टियर से यात्रा कर रहे हैं, फिर भी यह सबसे अधिक कमाई करने वाली श्रेणी बन गई है।

**एसी थ्री टियर पर लोगों का बढ़ रहा भरोसा, बढ़ा राजस्व**

बजट 2025-26 के अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2024-25 में, भारतीय रेलवे का कुल यात्री राजस्व 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। जिसमें से अकेले एसी थ्री टियर से 30,089 करोड़ रुपये (38%) आ सकते हैं। दूसरी ओर, स्लीपर क्लास से महज 19.5त्न का राजस्व मिलने का अनुमान है। दिलचस्प बात यह है कि केवल 26 करोड़ यात्री (727 करोड़ यात्रियों में से 3.5%) इस श्रेणी में यात्रा कर रहे हैं, फिर भी यह सबसे अधिक राजस्व दे रहा है यह प्रवृत्ति भारत में यात्रा के प्रति बढ़ती प्राथमिकता और आर्थिक सुधार को दर्शाती है। अधिक यात्री अब आरामदायक और बेहतर सुविधाओं वाली यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसके कारण एसी थ्री टियर से आने वाले राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## देश में शांति,विश्व पटल पर छवि धवल रहे

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती।

शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अट्ठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सर्वेक्षण की माग की गई थी।

1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुनः प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था।

निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास होता रहता है।

जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।



अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की अपनी यात्रा के दौरान परमार्थ निकेतन शिविर का दौरा किया.

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रातः स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् संनिधि कुरु॥' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है। अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।। अर्थात जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग



में कुंभ-योग होता है।

कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं—मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।

कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। । महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं।

कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।

**लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं**

# अब सीबीआई पिंजरे का तोता नहीं

**विजय तिवारी**

उप राष्ट्रपति धनखड़ जी ने भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सम्बोधन करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि कार्यपालिका की नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका को कैसे हम शामिल कर सकते हैं।

उनके तर्क के अनुसार लोकतंत्र में राष्ट्र के तीनों निकायों में शक्ति के विभाजन के अनुसार सीबीआई के डायरेक्टर के चयन में प्रधान न्यायधीश का क्या काम।

उनके अनुसार कार्यपालिका (सरकार) के कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार का हस्तकछेप चाहे वह विधायिका से हो अथवा न्यायपालिका से हो संविधान तथा लोकतंत्र के उसूलों के विरुद्ध है। धनखड़ जी खुद अदालतों मे वकालत कर चुके हैं।

हालांकि वे सफल वकील नहीं रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन केवल संसद का अधिकार है। एक अनजाने महा न्यायवादी की किताब का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मेरी समझ से तो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों पर बहस की जरूरत हैं।

जगदीप धनखड़ जी संवैधानिक पद के नंबर दोयम पर आसीन हैं। परंतु वे उच्च सदन के सभापति भी हैं। अब वे सांविधानिक रूप से नंबर दो पर होने के बाद राष्टीय विधायिका के सभापति भी हैं।

मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यदि सांविधानिक पद पर हैं तब, उन्हें विधायिका और उससे जन्मे व्यवस्थापक से बिल्कुल समान दूरी बना कर रखनी चाहिए।

राज्यसभा में बैठक का संचालन करते हुए उनके व्यवहार और फैसलों को समझा जा सकता है कि वे कितने न्यायप्रिय हैं। विपक्ष के सांसदों ने अनेकानेक बार उन पर न्याय नहीं नहीं करने का आरोप लगाया हैं।सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार यह सुनना पड़ा था कि वह सरकारी तोता है। जिसका इशारा था कि सीबीआई की जांच सरकार के समर्थन में ही होती हैं।

वह न्याय पूर्ण नहीं होती हैं। क्यूंकि अधिकतर सरकार अपने किसी स्वामिभक्त अफसर को इस पद पर नियुक्त करती थी।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार से केंद्र सरकार ने सीबीआई मुखिया की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के प्रधान को भी शामिल किया। जिसका अर्थ यह था कि कम से कम अब सीबीआई को पिंजरे का तोता सुप्रीम कोर्ट नहीं कह सकेगी।

लेकिन मोदी सरकार के समय जिस प्रकार जांच एजेंसियों ने सत्ता विरोधियों को निशाना बनाने का काम किया है, उसके बाद ही सत्तारूद दल को वाशिंग मशीन की उपाधि मिल गई है।

अब सरकार सीबीआई से ज्यादा इ डी की जांच को प्रमुखता से अवसर दे रही हैं। मोदी सरकार के काल मे यह मुहावरा बन गया हैं की अगर आप गैर भाजपाई है तो आपको धरमराज बन के रहना होगा।

वरना आप एंडी टीवी कर प्रणव रॉय और राधिका रॉय की भांति बेगुनाह होते हुए भी सरकारी जांच एजेंसी इतना परेशान करेगी कि आपको देश छोडना पड़ेगा।यह बात और है कि आठ माह बाद वही जांच एजेंसी अदालत में बयान देती है कि रॉय दंपति के विरुद्ध कोई अपराध किया जाना नहीं पाया गया। कुछ ऐसा ही झूठ टूजी घोटाले के बारे में विनोद राय ने भी देश से बोल था। जिसको आरएसएस और बीजेपी ने प्रचारित करके तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम किया। फलस्वरूप चुनावों में काँग्रेस की पराजय हुई।उप महामहिम जी को यह समझना होगा कि सरकार बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण लोकतंत्र को कायम रखना हैं और उसके लिए सत्तारूढ़ पार्टी के अनीतिक और अवैध फैसलों को रोकने टोकने वाला अफसर चाहिए।न कि कारसेवको पर गोली चलवाने वाला मुख्य सचिव जो बाद में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का जिम्मा निभा रहा हैं। इन्हीं कारणों से जांच एजेंसियों के मुखिया की रीढ़ इतनी मजबूत होनी चाहिए कि वह प्रधानमंत्री को भी गलत काम के लिए न कह सके।




मेष राशि- आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बड़ो से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढानें के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

मिथुन राशि- आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लगन और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगें।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरुरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। सेहत के लिहाज से आज आप तंदरूस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी । धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के द्वार खुलेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे। आज किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरुरत है। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढेगा। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

# भारत के कृषि-निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धिः प्रथम बार हुए कई महत्वपूर्ण निर्यातों ने इतिहास रचा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत के कृषि निर्यात में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है जिसमें कई उत्पादों ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहुंच बनाई है। यह ऐतिहासिक विस्तार न सिर्फ व्यापार के संदर्भ में है अपितु यह किसानों को सशक्त बनाने, ग्रामीण आय को बढ़ावा देने और भारत की समृद्ध कृषि विरासत को वैश्विक पटल पर लाने से भी जुड़ा है। विशिष्ट फलों से लेकर पारंपरिक भोज्य पदार्थों तक, निर्यात की यह पहली खेपें इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि मोदी सरकार का आत्मनिर्भर भारत का विजन भारतीय किसानों के लिए किस तरह से नए अवसरों का सृजन कर रहा है।

**मोदी सरकार के नेतृत्व में पहली बार किए गए कुछ उल्लेखनीय कृषि निर्यात इस प्रकार हैं:**

ऑस्ट्रेलिया के लिए भारतीय अनार की पहली समुद्री खेप भारत के कृषि निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत ने समुद्री मार्ग से क्रमशः प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप को सफलतापूर्वक ऑस्ट्रेलिया भेजा। यह सफलता न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में भारत के ताज़े फलों की बाज़ार पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक भारतीय उत्पादों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

**पोलैंड के लिए पहली बार अंजीर के जूस का निर्यात किया गया**

भारत के अनोखे जीआई-टैग युक्त पुरंदर अंजीर अब यूरोप में धूम मचा रहे हैं। वर्ष 2024 में, मोदी सरकार ने पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस को पोलैंड को निर्यात करने की सुविधा दी। इससे पहले इसे वर्ष 2022 में जर्मनी को भी निर्यात किया गया था। पुरंदर अंजीर अपने विशिष्ट स्वाद और रंग-रूप के लिए जाने जाते हैं। यह निर्यात वैश्विक मंच पर भारत के अनूठे कृषि-उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**लंदन, बहरीन को पहली बार ड्रैगन फ्रूट का निर्यात किया गया**

भारत द्वारा अपने फलों के निर्यात में विविधता लाने के प्रयास के अंतर्गत, स्थानीय रूप से कमलम



के नाम से जाने जाने वाले फाइबर और खनिज युक्त ड्रैगन फ्रूट को वर्ष 2021 में लंदन और बहरीन निर्यात किया गया। लंदन को निर्यात की गई खेप गुजरात के कच्छ क्षेत्र के किसानों से प्राप्त की गई थी, जबकि बहरीन को भेजी गई खेप पश्चिमी मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के किसानों से प्राप्त की गई थी।

**अमेरिका के लिए ताजे अनार की पहली ट्रायल खेप**

वर्ष 2023 में भारत ने अमेरिका को हवाई मार्ग से ताजे अनार की अपनी पहली ट्रायल शिपमेंट निर्यात करके अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। महाराष्ट्र के भगवा अनार में निर्यात की पर्याप्त संभावनाएं हैं और देश से फलों के निर्यात का लगभग 50 प्रतिशत राज्य के सोलापुर जिले से होता है।

**असम का लेटेकु फल दुबई निर्यात किया गया**

पूर्वोत्तर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में वर्ष 2021 में, असम के लेटेकु के रूप में जाने जाने वाले बर्मी अंगूर की पहली खेप को दिल्ली के माध्यम से गुवाहाटी से दुबई भेजा गया। इस निर्यात ने असम के विदेशी उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर स्थान दिला दिया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की क्षमता भी सिद्ध हुई है।

**त्रिपुरा से जर्मनी तक कटहल**

वर्ष 2021 में जर्मनी को त्रिपुरा से भारत के ताजे कटहल का स्वाद मिला। पहली बार हवाई मार्ग से त्रिपुरा से जर्मनी तक ताजे कटहल की एक खेप निर्यात की गई।

अगरतला से एक मीट्रिक टन ताजे कटहल की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई गई। यह उपलब्धि मोदी सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों को भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात मानचित्र पर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है।

**किंग चिली 'राजा मिर्च' पहली बार नागालैंड से लंदन भेजी गई**

पहली बार वर्ष 2021 में पूर्वोत्तर क्षेत्र से जीआई उत्पादों के निर्यात को एक महत्वपूर्ण आकार देते हुए, नागालैंड से किंग मिर्च के नाम से विख्यात 'राजा मिर्च' की एक खेप को पहली बार हवाई मार्ग से गुवाहाटी के रास्ते लंदन निर्यात किया गया। इसकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति को देखते हुए, इस उत्पाद का निर्यात करना एक चुनौती थी लेकिन भारत ने सफलतापूर्वक इसके हवाई शिपमेंट की सुविधा प्रदान की, जिसने विशेष कृषि-निर्यात को संभालने में भारत की क्षमताओं को उजागर किया।

**असम से अमरीका को 'लाल चावल' का पहला निर्यात**

वर्ष 2021 में, भारत की चावल निर्यात क्षमता को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देते हुए, 'लाल चावल' की पहली खेप को अमरीका के लिए निर्यात किया गया। असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में बिना किसी रासायनिक खाद के आयरन से भरपूर 'लाल चावल' उगाया जाता है। चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है और यह असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है। केरल से दुबई और शारजाह के लिए वज़ाकुलम अनानास की पहली खेप वर्ष 2022 में भारत ने केरल के एर्नाकुलम से दुबई और शारजाह, यूएई के लिए जीआई टैग युक्त वज़ाकुलम अनानास की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई गई।

इससे अनानास किसानों को अधिक आय अर्जित होगी और वैश्विक बाजार में उनके उत्पाद का अधिक प्रचार होगा।



# देशवासियों की थाली पर बात करते हुए पीएम मोदी बोले- साल में 300 दिन जरूर खाता हूं सुपर फूड




भागलपुर (ए.)। देशभर के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने के लिए बिहार के भागलपुर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार की तीन पहचान से स्वागत किया गया- 1. मिथिला की पहचान मखाना के माला से, 2. अंग की पहचान टिकुली कलाकृति से, और 3. भागलपुरी सिल्क के चादर से। बात खेती की हो रही थी, तो पीएम मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों की थाली पर विस्तार से बात की। उन्होंने अपनी इच्छा जताई कि वह हर थाली में अलग-अलग राज्यों के अनाज देखना चाहते हैं। इसी चर्चा के दौरान उन्होंने अपने डायट प्लान की चर्चा भी कर दी। उन्होंने बताया कि साल के 365 में से 300 दिन वह एक सुपर फूड जरूर लेते हैं- मखाना। उन्होंने मखाना उत्पादन के लिए बिहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सुपर फूड को अब दुनिया के बाजारों तक पहुंचाना है और इसके लिए ही मखाना बोर्ड का गठन किया जा रहा है।

**पीएम मोदी बोले- शहरों में सुबह के नाश्ते का प्रमुख अंग है मखाना**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसान सम्मान योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि किसानों की मेहनत के कारण बीते सालों में भारत का कृषि निर्यात बहुत बढ़ा है। किसानों को उत्पाद की ज्यादा कीमत मिल रही है। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए बिहार पर आए और कहा- "अब बारी बिहार के मखाना की है। मखाना आज देश के शहरों में सुबह के नाश्ते का प्रमुख अंग बन चुका है। मैं 365 दिनों में से 300 दिन मखाना जरूर खाता हूं। यह सुपर फूड है। इस बार के बजट में हमारी सरकार ने मखाना बोर्ड का एलान किया गया है। पूर्वी भारत में फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने के लिए अब बिहार अहम भूमिका निभाएगा। बिहार में फूड प्रोसेसिंग के जुड़े संस्थान स्थापित किए जाएंगे।"

**कल कृषि मंत्री उतरे थे खेत में, बजट में वित्त मंत्री ने बताई थी खूबियां**

पीएम मोदी से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिहार पहुंच गए थे। वह मखाना उत्पादक किसानों से मिलने पहुंचे तो कीचड़ भरे खेत में भी उतर गए थे। उन्होंने मखाना की खेती को देखा-समझा और इसकी संभावनाओं पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना आठवां बजट पेश करते हुए मखाना का जिक्र किया था। उन्होंने बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किए जाने की बात करते हुए कहा था कि इससे मखाने का उत्पादन बढ़ेगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मखाना कमाल का सुपर फूड माना जाता है, क्योंकि इसका सेवन वजन घटाने के लिए भी होता है। मखाने का रोजाना सेवन किया जाए तो शरीर में मौजूद कॉलेस्ट्रॉल, सोडियम और प्रोटीन की कमी दूर होती है। यह हड्डियों के लिए भी फायदेमंद है। पुरुषों की सेहत पर भी इसके कई फायदे देखने को मिलते हैं।




अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया.

## EC : चुनाव आयोग 4-5 मार्च को आयोजित करेगा दो दिवसीय सम्मेलन, ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद पहला कदम

नई दिल्ली(ए.)। चुनाव आयोग (ईसी) ने सोमवार को घोषणा की कि अगले महीने एक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे।

आयोग ने बताया कि यह सम्मेलन 4-5 मार्च नई दिल्ली के 'इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट' में आयोजित होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद यह पहला सम्मेलन होगा। इसका मकसद चुनावी प्रक्रिया, नई तकनीकों और चुनाव संचालन में सुधारों पर चर्चा करना है।

ज्ञानेश कुमार ने 19 फरवरी को 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वह मार्च 2024 से चुनाव आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और 17 फरवरी को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया। राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद ज्ञानेश कुमार को चुनाव आयोग के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बोलते हुए.

## सीएम ममता बनर्जी ने आरजी कर कांड की पीड़िता को बताया बहन, दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म-हत्याकांड की पीड़िता को अपनी बहन बताया। उन्होंने कहा कि पीड़िता के परिवार के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। उन्होंने अपराध के जिम्मेदारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

धोनो धान्यो ऑडिटोरियम में सीनियर, जूनियर डॉक्टर और मेडिकल छात्रों को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम अपराजिता विधेयक लेकर आए। जिसमें दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड देने का प्रावधान है। ममता बनर्जी ने कहा कि आरजी कर अस्पताल में मारी गई बहन के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। हम इस मामले में उचित सजा की मांग करते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं भी घटना के विरोध में सड़क पर उतरी थी। हमारी सरकार ने अपराजिता विधेयक



पारित किया था, लेकिन यह अभी राष्ट्रपति के पास लंबित है।

उन्होंने कहा कि मैं अपने भाइयों को हमारी बहनों की सुरक्षा करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी सौंपती हूं। यहां आज कोई लैंगिक असमानता नहीं है। यह बहुत ही सकारात्मक विकास है। सरकार निश्चित रूप से अपना काम करेगी, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे भाई इस मामले में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

## प्रोटेम स्पीकर बने अरविंदर सिंह लवली, एलजी सक्सेना ने राजनिवास में दिलाई शपथ


नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू हो चुका है। भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली ने नवगठित विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। विधानसभा की पहली बैठक से पहले लवली को राज निवास में एलजी विनय कुमार सक्सेना ने यह शपथ दिलाई।सदन के सबसे वरिष्ठ विधायकों में से एक लवली अब नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। बाद में नए स्पीकर का चुनाव होगा और इस पद के लिए भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को चुना जा सकता है। वहीं डिप्टी स्पीकर के पद के लिए मोहन सिंह बिष्ट के नाम की चर्चा है। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को भी शपथ दिलाई जाएगी।दिल्ली विधानसभा सदन में शपथ ग्रहण का शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली। इनके बाद अब मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य शपथ ले रहे हैं। इनके बाद बारी-बारी से सभी अन्य विधायक 70 विधायक शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर अरविंद सिंह लवली ने कहा कि विधानसभा द्वारा तैयार किए गए लिखित प्रारूप के अनुसार ही सभी सदस्य शपथ लें। दिल्ली विधानसभा के पहले दिन दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह हमारी एक शुरुआत है। मैं उन्हें (आप नेता और नेता प्रतिद्वंद्वी आतिशी) बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले के विपरीत सकारात्मक सकारात्मकता के साथ काम करेंगे। एक-एक कर शपथ लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शपथ लेने के क्रम में पहले मंत्री शपथ ले रहे हैं। सिरसा ने पंजाबी में शपथ ली। वहीं पर कपिल मिश्रा ने संस्कृत में शपथ ली।

# बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बता दिया- पीएम मोदी का विकल्प नहीं, अपने लिए भी मांगा समर्थन

भागलपुर (ए.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बार न केवल यह साफ किया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रहेंगे, बल्कि यह भी कह दिया कि देश में अब कहीं भी इनके ही नेतृत्व में विकास होगा। जनता से कहा कि आप लोग जान लीजिए इन्हीं के साथ सब लोग हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच शेयर करते हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जनता से समर्थन भी मांग लिया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी का लगातार सहयोग मिल रहा है। पीएम मोदी पूरे देश के लिए काम कर रहे हैं। अब इधर-उधर कुछ नहीं। अब इनके ही नेतृत्व आगे और विकास होगा। समाज में हमलोग सबके लिए काम कर रहे हैं।

**पीएम मोदी ने बिहार के विकास में बड़ा सहयोग दिया है**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं पीएम मोदी का स्वागत करता हूं। यह खुशी कि बात है कि बिहार के साथ पूरे देश के किसानों के खाते में सम्मान निधि योजना की राशि भेजी जा रही है। बिहार के किसानों के खाते



में आज पैसे जाएंगे। आपको बता दें कि हमलोगों का शुरू से ही खेती किसानों पर फोकस रहा है। कृषि रोड मैप लागू होने से कृषि उत्पादन बढ़ा है। साथ ही मछली, दूध, मांस और अंडा का भी उत्पादन बढ़ा है। मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। पीएम मोदी का बिहार के विकास में काफी सहयोग मिल रहा है। इस बजट मखाना बोर्ड, ग्रीनफील्ड समेत कई सौगातें बिहार को देश के बजट में मिली। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

**लालू-राबड़ी राज पर सीएम नीतीश कुमार ने फिर बोला हमला**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग 24 नवंबर 2005 को सरकार में आए थे। लालू-राबड़ी राज पर हमला बोलते हुए उन्होंने याद दिलाया कि हमलोगों के सरकार में आने से पहले क्या स्थिति थी! लोग शाम होने के बाद घर से बाहर निकलते नहीं थे। हिन्दू-मुस्लिम करते रहते थे। मुस्लिमों का वोट लेते थे और उनपर ध्यान नहीं देते थे। सड़कें नहीं थीं। बिजली का क्या हाल था! पटना में महज आठ घंटा बिजली रहती थी। इसके बाद हमलोगों ने कितना काम किया! राज्य में डर का माहौल नहीं है। अब तो लड़का लड़की बिहार में 11 बजे रात तक काम कर रहे हैं। बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा पर कितना काम किया। 2005 में राज्य का बजट 28 हजार करोड़ रुपये का था। हमलोगों ने लगातार काम किया।

## दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, 7 की मौके पर मौत; कई घायल

पटना (आरएनएस)। बिहार के पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात एक ट्रक ने यात्रियों से भरे एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई। कुछ अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस के अनुसार, देर रात मसौढ़ी थाना अंतर्गत स्थित नूरा पुल के पास एक ट्रक और एक ऑटो के बीच टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जहां सात व्यक्तियों की मृत्यु होने की पुष्टि हुई है।

बताया गया कि बालू लदे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक ऑटो के पूरी तरह ऊपर आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में सभी मजदूर बताए जाते हैं। बताया जा रहा है कि पटना से मजदूरी करके ये सभी तारेगना स्टेशन पर उतरे थे और फिर वहां से ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इस बीच पितवांस की ओर से जा रहे एक बालू लदे ट्रक से ऑटो की टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहन सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। सभी शवों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नजदीक के गांव से प्रत्येक दिन लोग मजदूरी करने के लिए पटना जाते थे और काम करके देर रात अपने घर लौट आते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो प्रमुख गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), मोहाली ने सीमा पार के आतंकी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका देते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी के आई) के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो सीधे तौर पर पाक-आधारित बीकेआई आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा और अमेरिका आधारित हैप्पी पासियन से जुड़े हैं।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश सिंह उर्फ जग्गा निवासी जंगलात विभाग, हरिके पत्तन, थाना हरिके तरनतारन और शुभदीप सिंह औलख उर्फ शुभ निवासी गांव जोनेके, थाना चोहला साहिब, तरनतारन झुझार सिंह एवेन्यू, चौकी गुमटाला के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो .32 बोर पिस्तौल और पांच राउंड बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि उनके शुरुआती खुलासे के अनुसार, आरोपियों ने रिंदा के निर्देशों का पालन करते हुए 10 फरवरी, 2025 को नांदेड़, महाराष्ट्र में एक हत्या की और दूसरे को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## सामूहिक विवाहः फर्जी शादी की कोशिश करने वाले जोड़े पर एफआईआर, जांच सख्त होने पर भाग निकले थे 145 युगल



हसनपुर (ए.)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में फर्जी तरीके से शादी करने की कोशिश करने वाली आसमा और जाबिर के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई एडीओ समाज कल्याण की तहरीर पर की गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर थाने से ही जमानत देकर छोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रविवार को श्रीमति सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें गलत तरीके से शादी करने की कोशिश कर रहे एक जोड़े को मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार ने मौके से पकड़ लिया था। पकड़े गए जोड़े को पुलिस को हवाले कर दिया गया था। युवक के साथ शादी करने की कोशिश करने वाली महिला पहले से ही शादीशुदा थी। पति से विवाद के कारण वह मायके में रह रही थी। बिना तलाक दिए वह दूसरी शादी करने जा रही थी। ससुर की शिकायत पर सीडीओ ने दोनों पकड़ा था। फर्जी जोड़े के पकड़ में आते ही मौके से एक के बाद एक 145 जोड़े भाग निकले थे।

यहां 335 जोड़ों की शादी होनी थी, लेकिन इस कार्रवाई के बाद महज 190 जोड़ों की शादी ही हो पाई। सीडीओ के निर्देश पर एडीओ समाज कल्याण हरवीर सिंह ने फर्जी जोड़े के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी।

सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मामले में फर्जी तरीके से शादी करने की कोशिश करने वाली महिला आसमा निवासी गांव सोंहत थाना सैदनगली और युवक जाबिर निवासी रामनगर थाना असमौली जनपद संभल के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## यूएसएड से 7 प्रोजेक्ट के लिए 65 अरब फंड आया लेकिन वोटिंग बढ़ाने के लिए नहींजवित्त मंत्रालय की रिपोर्ट हुआ खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूएसएड फंडिंग पर वित्त मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में फंड से जुड़ी सारी डिटेल्स की जानकारी दी गई है कि यूएसएड ने कितनी फंडिंग और उस फंड का इस्तेमाल कहां कहां हुआ? फाइनेंस मिनिस्ट्री की रिपोर्ट में बताया गया है कि SAID ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 750 मिलियन डॉलर यानी करीब 65 अरब की फंडिंग की। इस दौरान वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के कोई फंडिंग नहीं की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, USAID की फंडिंग कृषि और खाद्य सुरक्षा, जल, स्वच्छता और साफ-सफाई, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजास्टर मैनेजमेंट और हेल्थ से संबंधित प्रोजेक्ट्स के लिए थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अमेरिका से 1951 में मदद मिलनी शुरू हुई थी। SAID की ओर से अब तक भारत को 555 प्रोजेक्ट के लिए 1700 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद मिल चुकी है। दरअसल, इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग यानी DOGE ने खुलासा किया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) ने भारत में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया था। एलन मस्क वाले डिपार्टमेंट DOGE के इस खुलासे के बाद भारत में सियासी घमासान छिड़ गया। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि हम भारत को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की मदद दे रहे हैं लेकिन हमारा क्या। उन्होंने ये भी कहा कि भारत को फंड की कोई जरूरत नहीं है। उसके पास बहुत ज्यादा पैसा है।

## पंजाब स्कूल बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए 278 उड़न दस्ते तैनात

चंडीगढ (आरएनएस)। पंजाब स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने रविवार को बताया कि राज्य में 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के उद्देश्य से पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) ने तीन-तीन सदस्यों वाले 278 उड़न दस्ते गठित किए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि उड़न दस्तों का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), प्रिंसिपल, पीएसईबी के सदस्य और बोर्ड की अकादमिक परिषदों के सदस्य करेंगे। ये टीमें नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। बैंस ने बताया कि राज्य में कक्षा 8, 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 8.82 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण संख्या विद्यार्थियों के शैक्षिक भविष्य को आकार देने में इन परीक्षाओं के महत्व को दर्शाती है।

## राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई टली, छह मार्च को अगली तारीख, गृहमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी का है मामला

सुल्तानपुर (ए.)। गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में दायर मानहानि के मामले में सोमवार को सुनवाई टल गई है। मामले में परिवादी में जिरह के लिए और समय देने की मांग की थी। अगली सुनवाई के लिए छह मार्च की तारीख तय की गई है।

गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था।



## पाकिस्तान मैच हारा लेकिन हम आपसे हार गए, हानिया आमिर के वीडियो पर फैंस ने क्यों किया ऐसा कमेंट?



पाकिस्तानी एक्ट्रेस मारवा हुसैन और माहिरा खान ने बॉलीवुड में आकर लोगों का ध्यान खींचा है। पाकिस्तान की अगली एक्ट्रेस हैं, जो भारतीय फैंस का ध्यान खींचने वाली हैं, वह हानिया आमिर हैं। हानिया आमिर ने पाकिस्तान के कई टीवी सीरियल्स में काम किया है और अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने 'मेरे हमसफर' और 'कभी मैं कभी तुम' जैसे टीवी सीरियल में काम किया है।

हानिया आमिर और दीपिका पादुकोण

हानिया आमिर के टीवी सीरियल्स भारत में मशहूर हुए हैं। इसलिए हानिया के फैंस भारत में भी हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि हानिया के भारत के फैंस ये इंतजार कर रहे हैं कि हानिया कब बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। इससे पहले कि हम हानिया को हिंदी फिल्मों में देखें उन्होंने दीपिका पादुकोण की एक्टिंग करने की कोशिश की है। उन्होंने दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ओम शांति ओम' का सीन रीक्रिएट किया है। दीपिका पादुकोण ने फिल्म में कार के जरिए एंट्री की थी। वह मुस्कुराते हुए कार से उतरी थीं और रेड कार्पेट पर चली थीं। इस दौरान उनकी मुस्कान देखते बनती थी।

**हानिया ने की दीपिका की एक्टिंग**

फिल्म 'ओम शांति ओम' में जिस तरह से दीपिका ने किया था। उसी तरह से हानिया आमिर ने किया है। हानिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि वह कार से बाहर निकलती हैं। उनके आस-पास पैप्राजी हैं। हानिया ने शिमरी गोल्डन ड्रेस पहना है। उनकी मुस्कान यकीनन आपका दिल जीत लेगी।

**हानिया को लेकर बंटी है राय**

हानिया के फैंस उनके नए लुक की तारीफ कर रहे हैं। वह उन्हें दीपिका से जोड़कर देख रहे हैं। कुछ फैंस का कहना है कि वह दीपिका की तरह नहीं कर पाई हैं। कई लोग कह रहे हैं कि वह पाकिस्तानी 'शांति प्रिया' हैं। एक यूजर ने उनके वीडियो पर कमेंट किया है कि 'पाकिस्तान मैच हार गया लेकिन हम आपसे हार गए।' हानिया से एक बार पूछा गया था कि अगर उन्हें करण जौहर के साथ फिल्म बनाने का मौका मिले तो वह करना चाहेंगी? इस पर हानिया कहा था कि अगर अच्छा प्रोजेक्ट होगा तो हम सोचेंगे।

# तीन दिग्गज़ निर्देशकों के साथ काम करना चाहती है मधुरिमा तुली

*पिछले कुछ वर्षों में मधुरिमा तुली ने एक कलाकार के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए बहुत मेहनत की है। टीवी डेली सोप से लेकर रियलिटी शो, म्यूजिक वीडियो, ओटीटी और यहां तक कि फिल्मों का हिस्सा बनने तक, वास्तव में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसे मधुरिमा तुली ने एक कलाकार के रूप में अभी तक टैप नहीं किया है। मधुरिमा को हमेशा एक कलाकार के रूप में उनकी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है और इसलिए उनके पास शोबिज की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ के साथ काम करने के लिए सब कुछ है।*




मधुरिमा, जो पहले बेबी, नाम शबाना और अन्य जैसी सफल परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं, से हाल ही में 3 निर्देशकों के बारे में पूछा गया था जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं।

इम्तियाज अली: वह व्यक्ति अपने स्वभाव और ऑन-स्क्रीन प्रतिभा के लिए जाना जाता है और जिस तरह से वह मनोरंजन और जीवन के एक टुकड़े के साथ एक सकारात्मक वाइब का मिश्रण करता है, वह वास्तव में दुर्लभ है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह हमेशा अभिनेताओं की सूची में उन सपनों के निर्देशकों में से एक के रूप में होते हैं जिनके साथ काम करना चाहिए।

करण जौहर: उनकी फिल्मों में हमेशा जीवन से बड़ा माहौल रहा है, जिसमें सौम्य और फैशन का मिश्रण होता है और उन्हें देश के सबसे बड़े निर्देशकों और निर्माताओं में से एक माना जाता है और उनका सम्मान किया जाता है। उन्होंने अतीत में अपनी फिल्मों के साथ जादू किया है और उनकी नवीनतम सफलता रॉकी और रानी... इसे पार्क से बाहर निकालने में भी कामयाब रही। वह एक नायिका की संवेदनशीलता और भावनाओं को समझते हैं और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि किसी भी अभिनेत्री के लिए उनके द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा बनना पूरी तरह से एक अलग खुशी है। संजय लीला भंसाली: अंतिम लेकिन निश्चित रूप से कम से कम, हम खुद जादूगर के बारे में बात कैसे नहीं कर सकते? वास्तव में इस देश में कोई अन्य निर्देशक नहीं है जो महिलाओं को पर्दे पर संजय लीला भंसाली की तरह अधिक गरिमा, उत्साह, तेज-तर्रारता और आकर्षण के साथ प्रस्तुत करता हो।

## इस दिन सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होगी 'दिल तो पागल है', यूजर ने किए मजेदार कमेंट



फरवरी का महीना का प्यार का महीना माना जाता है। इस प्यार के महीने में शाहरुख खान की फिल्म 'दिल तो पागल है' रिलीज होने वाली है। ये फिल्म रोमांटिक है। फिल्म में शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर ने अदाकारी की है।

**28 फरवरी को रीरिलीज होगी फिल्म**

यश राज फिल्म्स ने सोमवार को इंस्टाग्राम के जरिए जानकारी दी है कि शाहरुख खान की फिल्म 'दिल तो पागल है' इसी हफ्ते रिलीज होने वाली है। यशराज फिल्म्स की तरफ से शेयर किए गए पोस्टर में लिखा है कि 'प्यार और रोमांस का दौर इस हफ्ते वापस आ रहा है। 28 फरवरी से'दिल तो पागल है' फिर से देख सकते हैं।'

**पोस्ट पर यूजर ने किए कमेंट**

इस पोस्ट पर कई यूजर ने बेहतरीन कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है कि 'वाव.. ये मेरी सबसे पसंदीदा फिल्म है।' एक दूसर ने लिखा है कि 'इसको दोबारा देखे बिना नहीं रह सकते।' एक और यूजर ने लिखा है कि 'हम 90 के दशक के बच्चे इस फिल्म के रोमांस की अहमियत को समझते हैं।'

**फिल्म के बारे में खास**

आपको बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है। ये फिल्म पहली बार 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय कुमार ने केमियो रोल किया है। फिल्म ने तीन नेशनल अवार्ड जीते थे। इसमें सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग एक्ट्रेस, सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी अवॉर्ड शामिल हैं। फिल्म डांसर्स की कहानी पर आधारित है, जो शाहरुख, माधुरी और करिश्मा के आस पास घूमती है।

**लता मंगेशकर ने दी गानों को आवाज**

'दिल तो पागल है' फिल्म लगभग 30 साल पहले रिलीज हुई थी। तब से आज के दिन तक ये फिल्म लोगों के दिलों दिमाग पर छा चुकी है। फिल्म के गाने भी बहुत अच्छे हैं। फिल्म के गानों को स्वर कोकिला लता मंगेश्कर ने गाया है। फिल्म के टाइटल गाने 'दिल तो पागल है', 'भोली सी सूरत' और 'ढोलना' को लता जी ने आवाज दी है।

## यशराज फिल्म्स ने वापस बुलाया 'सुल्तान' का कोच, 'अल्फा' में दिखेगा लॉर्ड बॉबी का नया रूप



अभिनेत्री शरवरी वाघ के कसरत करते फोटो अक्सर सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। इस फिल्म में बॉबी देओल भी नजर आने वाले हैं। लहजा कुछ कुछ फिल्म 'सुल्तान' के सलमान खान जैसा होने वाला है। इसके लिए सलमान खान के कोच को बुलावा भी भेजा है।

बीते कुछ महीनों से अभिनेत्री शरवरी वाघ के कसरत करते फोटो अक्सर सोमवार को सोशल मीडिया पर नमूदार हो जाते हैं। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'अल्फा' की वह हीरोइन हैं। वैसे फिल्म की लीड हीरोइन अब तक आलिया भट्ट को ही बताया जाता रहा है लेकिन जब से उनकी फिल्म 'जिगरा' फ्लॉप हुई है, यशराज फिल्म्स ने शरवरी वाघ का चेहरा इस फिल्म के लिए आगे कर दिया है। लेकिन, क्या आपको पता है कि इस फिल्म में बॉबी देओल भी एक खास किरदार में नजर आने वाले हैं और उनके संवादों का लहजा कुछ कुछ फिल्म 'सुल्तान' के सलमान खान जैसा होने वाला है। इसके लिए सलमान खान के कोच को बुलावा भी भेजा गया है।

यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की कहानी अब विस्तार पाती दिख रही है। हाल ही में इस जासूसी दुनिया के दो बड़े 'खिलाड़ी' कबीर और टाइगर एक कोल्ड ड्रिंक का विज्ञापन साथ करते दिखे। सलमान खान और ऋतिक रोशन का एक ही फ्रेम में कैमरे के सामने नजर आने का ये पहला मौका रहा। बताया जाता है कि इस विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और सूत्र बताते हैं कि यशराज स्पाई यूनिवर्स की अगली एक फिल्म के लिए अली से भी निर्देशन की बात चलती रही है। फिलहाल, इस यूनिवर्स की दो फिल्में निर्माणाधीन हैं।

# उर्वशी रौतेला ने किया भारत-पाक मैच के बीच डांस, ओरी ने पोस्ट कर ली चुटकी; वायरल हो रहा वीडियो



उर्वशी रौतेला और ओरी का भारत-पाक मैच के दौरान एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस डांस वीडियो को पोस्ट कर ओरी ने उर्वशी रौतेला का मजाक भी उड़ाया है। उर्वशी अक्सर इवेंट में कहती हैं कि वे वहां पहुंचने वाली पहली महिला हैं। इसी बात को लिखते हुए ओरी ने ये पोस्ट की है।

**ओरी और उर्वशी ने किया डांस**

ओरी और उर्वशी रौतेला का एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ओरी और उर्वशी साथ में स्टेडियम में भारत-पाक मैच के बीच स्टैंड पर नाचते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पोस्ट पर ओरी ने लिखा- पहली महिला जिसने इंडो-पाकिस्तान मैच में भाग लिया।

**इससे पहले वायरल हुआ ये वीडियो**

इससे पहले दुबई में एक पार्टी से ओरी और उर्वशी का क्रेजी डांस वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों सितारे उर्वशी के दाबिड़ी-दीबिड़ी गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में ओरी और उर्वशी की एनर्जी देखते ही बन रही है। उर्वशी ने इस वीडियो में सिल्वर कलर की मिरर वर्क वाली ड्रेस पहनी है।

# लड़कियां हाई हील्स पहनते समय अपनाएं ये टिप्स, दिखेंगी स्टाइलिश नहीं होगा पैरों में दर्द



*हाई हील्स आजकल लड़कियों के लिए फैशन स्टेटस बन चुकी हैं.स्टाइलिश दिखने और कॉन्फीडेंट बूस्ट करने के लिए महिलाएं ट्रेंडिंग हाई हील्स पहनती हैं. कुछ लड़कियां डेली लाइफ में हील्स कैरी करती हैं. वहीं कुछ किसी खास मौके पर इन्हें पहनना पसंद करती हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि वो कई बार इसमें कंफर्टेबल नहीं हो पाती हैं. हील्स पहनने के बाद उन्हें थोड़ी देर बाद ही पैरों में दर्द और खिंचाव होने लगता है.ऐसे में वो न केवल असहज हो जाती हैं बल्कि हील्स को जल्दी से जल्दी पैरों में से उतारने की कोशिश करती हैं. लेकिन आप कुछ टिप्स अपनाकर इन परेशानियों से बच सकती हैं. इसके साथ ही अपने लुक को इंनहेंस भी कर सकती हैं.*

### पम्प्स हील्स से करें शुरूआत

अगर आपको हील्स पहनने की आदत नहीं है तो आप पम्प्स हील्स पहनने से शुरुआत करें. पम्प्स हमेशा ट्रेंड में रहती हैं. इसकी खासियत ये है कि पम्प्स लगभग सभी ड्रेसों पर स्टाइलिश लगते हैं. शुरूआत दिनों में हील्स पहनने के लिए हमेशा 2-3 इंच लम्बी हील ही खरीदें. हील्स की आदत पड़ने पर आप 4-5 इंच लम्बी हील्स को ट्राई कर सकती हैं.

### पैर दर्द से बचने के लिए सही साइज खरीदें

अगर आप हाई हील्स पहनने के बाद पैर के दर्द से बचना चाहती हैं तो इन्हें खरीदते समय अपने पैरों के साइज पर ध्यान देना न भूलें. इसके लिए किसी अच्छे ब्रांड की हाई हील्स का ही चुनाव करें. अपने साइज के मुताबिक ब्रांडेड हाई हील्स पहनना आपके लिए काफी कंफर्टेबल साबित हो सकता है.

### धीरे-धीरे शुरू करें प्रैक्टिस

अगर आपने कभी हाई हील्स नहीं पहनी हैं तो शुरुआत में इन्हें थोड़ी-थोड़ी देर पहनने की आदत डालें. इससे आपका कॉन्फीडेंस भी बढ़ने लगता है. इसलिए किसी मौके पर हाई हील्स पहनने के पहले इसे घर पर पहनकर प्रैक्टिस कर लें. साथ ही हाई हील्स पहनने से पैरों में दर्द होने पर पैरों की सिकाई करें.

### पेंसिल की जगह खरीदें ब्लॉक हील

अगर आपको हाई हील्स पहनने की आदत नहीं है तो शुरुआत में पेंसिल की जगह ब्लॉक हील खरीदें. ब्लॉक हील्स काफी आरामदायक होती है. पहली बार में पेंसिल हील पहनना खतरनाक हो सकता है. साथ ही हील्स पहनने के बाद अंगूठे के बजाए एड़ी पर जोर देते हुए चलने का प्रयास करें.

# काम के दौरान थकान होने पर लें जापानी इनेमुरी झपकी, जानिए इसका तरीका और फायदे



रोजाना ऑफिस में काम करते-करते थकान होना लाजमी है। इसके कारण ऊर्जा कम हो जाती है, तनाव बढ़ने लगता है और उत्पादकता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

हालांकि, काम के बीच केवल ब्रेक लेकर थकान को मिटाया नहीं जा सकता है। ऐसे में आप जापान की एक लोकप्रिय प्रथा को अपना सकते हैं, जिसे इनेमुरी झपकी यानि इनेमुरी नैप कहा जाता है।

आइए इसके फायदे और करने का तरीका जानते हैं।

### क्या होती है इनेमुरी झपकी?

इनेमुरी भीड़-भाड़ वाली जगहों पर झपकी लेने की एक सदियों पुरानी जापानी तकनीक है। इसके दौरान कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर ही आराम करते हैं।

यह प्रथा इसलिए शुरू की गई थी, क्योंकि जापान में लंबे समय तक काम करना आम माना जाता है और कर्मचारियों को आराम का समय नहीं मिल पाता है।

इनेमुरी में छोटी-छोटी झपकियां लेना शामिल होता है, जो दिमाग को तारों-ताजा करने और ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करती हैं।

### कैसे करें इनेमुरी झपकी का अभ्यास?

इनेमुरी झपकी लेने से पहले अपने मोबाइल में टाइमर लगा लें, ताकि आप देर तक न सो जाएं। अब एक आरामदायक अवस्था में बैठ जाएं और अपनी आखों को बंद कर लें।

अपने शरीर और दिमाग को आराम देने के लिए गहरी सांसें लें, जिसके बाद आपको नींद आ जाएगी। 15 से 20 मिनट की झपकी के बाद धीरे-धीरे आखें खोलें और स्ट्रेचिंग करें।

जब आप अपनी झपकी से उठेंगे तो आपको ऊर्जावान और सक्रीय महसूस होगा।

### इनेमुरी झपकी के फायदे

इनेमुरी के दौरान छोटी-छोटी झपकियां ली जाती हैं, जो आपको अधिक सतर्क और केंद्रित महसूस करने में मदद कर सकती हैं।

इस प्रथा के जरिए कोर्टिसोल के स्तर को कम किया जा सकता है, जो तनाव पैदा करने वाला हार्मोन होता है।

साथ ही, इस तकनीक को अपनाने से आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ सकती है, तनाव से छुटकारा पाया जा सकता है और मूड भी बेहतर हो सकता है।

आप खुश रहने के लिए ये जापानी आदतें अपना सकते हैं।

क्या इस प्रथा के जरिए दूर होता है ब्रेन फॉग?

इनेमुरी प्रथा ब्रेन फॉग को दूर करने का एक प्रभावी उपाय हो सकता है।

ब्रेन फॉग का मतलब होता है ऐसी स्थिति, जिसके दौरान दिमाग काम करना बंद कर देता है, चीजों को समझना मुश्किल हो जाता है और सक्रियता कम हो जाती है।

हालांकि, एक शोध में कहा गया है कि छोटी-छोटी झपकियां लेने से सजगता, उत्पादकता और संज्ञानात्मक क्षमताएं बढ़ जाती हैं।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि इनेमुरी झपकी के दौरान दिमाग को आराम मिल जाता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी हमले का खतरा, किडनैपिंग की रची जा रही साजिश

इस्लामाबाद (आरएनएस)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है लेकिन इस बीच टूर्नामेंट पर आतंकी हमले का डर सता रहा है। खुफिया एजेंसियों को पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर ISKP समूह की ओर से आतंकी हमले की संभावित कोशिश के बारे में चर्चा मिली है। भारतीय एजेंसियों को भी विदेशी एजेंसियों ने इस बारे में बताया है। चर्चा अपहरण या आतंकी हमले की है। ISKP इस्लामिक स्टेट का एक क्षेत्रीय गुट है। यह मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। अभी तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। ना ही कोई ठोस साजिश सामने आई है, लेकिन इस खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बता दें कि ISKP दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। इस संगठन ने पहले भी कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान में अभी चैंपियंस ट्रॉफी के तहत एक सेमीफाइनल सहित कुल 7 मुकाबले खेले जाने हैं। इनमें 3 मैच रावलपिंडी, 3 लाहौर और एक कराची में खेला जाएगा। इन मैचों में बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें खेलेंगी।

## पोप फ्रांसिस की हालत बेहद नाजुक, किडनी फेलियर के संकेत

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। पोप फ्रांसिस की हालत नाजुक बताई जा रही है। रिपोर्ट में पता चला है कि उनकी किडनी में कुछ गड़बड़ी पैदा हो गई है। हालांकि पोप ने प्रार्थना सभा में भाग लिया। पोप फ्रांसिस (88) निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे हैं।पोप के प्लेटलेट काउंट में कमी का पता चला था। डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें दवा दी जा रही है। इससे पहले वेटिकन ने कहा था कि सांस संबंधी समस्या और ब्लड चढ़ाए जाने के बाद उन्हें अधिक मात्रा में ऑक्सीजन दी जा रही है। दरअसल पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर बनी हुई है और ब्लड टेस्ट से पता चला है कि किडनी खराब हो गई है। वहीं वेटिकन ने कहा, 88 वर्षीय पोप निमोनिया और फेफड़ों के इन्फेक्शन से भी जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस को सांस लेने में दिक्कत नहीं हुआ है, लेकिन अभी भी ऑक्सीजन का हाई फ्लो दिया जा रहा है। फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस की समस्या के बाद 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था और मंगलवार को डॉक्टरों ने उनके दोनों फेफड़ों में निमोनिया का इलाज किया।

## रूस के हमले से यूक्रेन में कोहराम, युद्ध की तीसरी वर्षगांठ से पहले दागे 267 ड्रोन और मिसाइलें

रुस ,(आरएनएस) 24 फरवरी को रूस और यूक्रेन के बीच जंग को तीन साल पूरे हो जाएंगे। इससे पहले युद्ध की तीसरी वर्षगांठ की पहली रात रूस ने यूक्रेनी धरती पर हमलों का नया रिकॉर्ड बना लिया। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, रूस ने एक ही हमले में 267 ड्रोन एक साथ लॉन्च किए। रूस के ये हवाई हमले यूक्रेन के कम से कम 13 शहरों में गिरे। जिसका वीडियो भी सामने आया है।रूस के हमले के बारे में यूक्रेनी अधिकारियों ने जानकारी दी है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, खार्किव, पोल्टावा, सुमी, कीव, चेर्निहाइव, मायकोलाइव और ओडेसा सहित यूक्रेन भर में कम से कम 13 क्षेत्रों में ड्रोन को रोका गया। यूक्रेन के वायु सेना कमान के प्रवक्ता यूरी इग्नाट ने कहा कि एक ही समन्वित हमले में रिकॉर्ड 267 रूसी ड्रोन लॉन्च किए गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि लगभग 138 ड्रोन को रोका गया जबकि 119 बिना किसी नुकसान के जाम होने के बाद गायब हो गए, उन्होंने कहा कि रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें भी लॉन्च कीं। यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में नुकसान की सूचना मिली। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने रूसी हमले का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें दिखाया गया है कि यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने कई ड्रोन को नष्ट कर दिया। रूस द्वारा ड्रोन हमलों की यह एक और बड़ी कड़ी है, जो महीनों से यूक्रेन पर लगातार हो रही है, और इसका उद्देश्य यूक्रेन की एयर डिफेंस क्षमताओं को थकाना है। शनिवार रात को एक और रूस के मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पाँच लोग घायल हो गए, यह हमला यूक्रेन के केंद्रीय शहर क्रिवी रिह में हुआ।

# ट्रंप के फैसले ने मचाई खलबली, यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को निकाला

वाशिंगटन (आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) के 1,600 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने का ऐलान किया। इसके साथ ही अतिरिक्त कर्मचारियों को सवेतन प्रशासनिक अवकाश पर भेजा गया। इस कदम की पुष्टि प्रशासक कार्यालय की ओर से यूएसएआईडी कर्मचारियों को भेजे गए एक कम्युनिकेशन के माध्यम से की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला कई कानूनी चुनौतियों के बाद लिया। ट्रंप प्रशासन को हजारों यूएसएआईडी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की कोशिश के दौरान कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। ट्रंप ने शुरुआत में एजेंसी को खत्म करने की कोशिश की थी, लेकिन एक फेडरल जज ने कानूनी मुश्किलें खड़ी कर दीं और अस्थायी रूप से ऐसी कार्रवाइयों को रोक दिया। हालांकि, शुक्रवार को आए एक फैसले ने रोक हटा दी, जिससे मौजूदा छंटनी जारी रखने का रास्ता साफ हो गया।



बयान में निर्दिष्ट किया गया कि महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल कर्मचारी अप्रभावित रहेंगे, हालांकि ऐसे कर्मचारियों की सही संख्या का खुलासा नहीं किया गया। अरबपति एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई), जिसने यूएसएआईडी में सुधार का नेतृत्व किया है, का लक्ष्य एजेंसी के प्रभाव को कम करना है। यूएसएआईडी के उप प्रशासक और ट्रंप की ओर नियुक्त पीट मारोको ने संकेत दिया कि विदेश में काम करने वाले कर्मचारियों और परिवार की यात्रा के लिए रसद का प्रबंधन करने के लिए लगभग 600 अमेरिकी-आधारित कर्मचारी बने रहेंगे। यूएसएआईडी की स्थापना 1961 में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के प्रशासन के तहत की गई थी और यह अमेरिकी सरकार की मानवीय शाखा है। यह गरीबी को कम करने, बीमारियों का इलाज करने, अकाल और प्राकृतिक आपदाओं में राहत और मदद के लिए दुनिया भर में सालाना अरबों डॉलर वितरित करती है। यह गैर-सरकारी संगठनों, स्वतंत्र मीडिया और सामाजिक पहलों का समर्थन करके लोकतंत्र निर्माण और विकास को भी बढ़ावा देती रही है। माना जाता है कि यूएसएआईडी दुनिया भर के समुदायों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका का एक प्रमुख सॉफ्ट पावर टूल है। इसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को तीन डी स्तंभों के साथ देखा जाता है रक्षा, कूटनीति और विकास, जिनका नेतृत्व क्रमशः रक्षा विभाग, विदेश विभाग और यूएसएआईडी द्वारा किया जाता है।

## शराब में मिला देते हैं कटा हुआ अंगूठा, फिर भी मजे लेकर पीते हैं लोग



ओटावा (ए)। सॉरडग सलून नाम का रेस्टोरेंट है, जो डाउनटाउन होटल में है। यह होटल उत्तरी कनाडा के डॉसन शहर में स्थित है। होटल के इस बार में आप इंसानी पैर का अंगूठा (या उंगली) मिली ड्रिंक का 'आनंद' उठा सकते हैं। इस स्पेशल ड्रिंक को सॉरटो कॉकटेल कहा जाता है। डाउनटाउन होटल स्थित बार में यह खास ड्रिंक लगभग 50 साल से भी अधिक समय से पिलाई जा रही है। बता दें कि इसकी कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। अंगूठे की कहानी 1920 के दशक में शुरू होती है। उस दौरान लुई और ओट्टो नाम के दो भाई शराब की तस्करी करते थे। तस्करी के दौरान ही एक बार दोनों भाई बर्फीले तूफान में फंस गए। भारी ठंड के बीच लुई के पैर का एक अंगूठा शीतदंश का शिकार हो गया। उसमें घाव बनने लगा और वह बर्फ की वजह से गलने लगा। ओट्टो अपने भाई की ऐसी हालत देखकर परेशान हो गया। उसे लगा कि अंगूठा से होते हुए पूरे पैर में संक्रमण फैल जाएगा। ऐसे में उसने अपने भाई लुई के पैर के अंगूठे को काटकर अलग कर दिया। जिंदा वापस लौटने के बाद दोनों भाइयों ने उस अंगूठे को प्रिजर्व करने का फैसला किया। इसलिए उसे शराब में डालकर रख दिया, जिससे अंगूठा बिल्कुल सुरक्षित था।

जहाज में सालों से ये अंगूठा यूं ही रखा रहा। किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं थी। लुई और ओट्टो की मौत भी हो गई। लेकिन तकरीबन 50 साल बाद कैप्टन डिक स्टीवेंसन को कैबिन की सफाई करते वक्त वह अंगूठा मिल गया। वे उसे डाउनटाउन होटल लेकर आ गए। उसके बाद से ही शराब में अंगूठा मिलाकर पीने का चलन शुरू हो गया। हालांकि, इस बात की ठीक-ठीक जानकारी नहीं है कि कैसे ये सब शुरू हुआ और चलन बन गया। लेकिन लोगों के बीच इस तरह से शराब पीने का क्रेज बढ़ता गया। लेकिन कई बार ये अंगूठे चोरी भी हो गए। हालांकि, इसके बावजूद होटल के पास अंगूठे की कभी कमी नहीं हुई। प्रतिबंध के बावजूद अगर कोई शराब के साथ अंगूठे को मुंह में ले लेता था, तो होटल ने उन लोगों पर जुर्माना लगाना शुरू कर दिया। शुरुआत में तो उसे निगलने पर 500 कनाडाई डॉलर (करीब 30 हजार रुपए) का फाइन लगाया गया। लेकिन 2013 में होटल मालिकों को बड़ी हैरानी हुई, जब एक ग्राहक ने ड्रिंक खत्म किया, अंगूठे को जानबूझकर निगला और शांति से 500 कनाडाई डॉलर फाइन देकर चला गया। हालांकि, इस घटना के बाद फाइन बढ़ाकर 2500 कनाडाई डॉलर (लगभग 1.50 लाख रुपयों के बराबर) कर दिया गया। हालांकि, साल 2017 में एक शख्स इस अंगूठे को ही चुरा लिया। बाद में पुलिस ने उसकी तलाश भी की। हालांकि, वो अंगूठा मिला या नहीं, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## पाकिस्तान सरकार कराएगी मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

### इस कार्य को करने एक अरब पाकिस्तानी रुपए खर्च करने का बनाया प्लान

इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने देश में मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए एक अरब पाकिस्तानी रुपए से कराने का मास्टर प्लान तैयार किया है। यह फैसला ईटीपीबी की बैठक में सैयद अतउर रहमान की अध्यक्षता में लिया गया। रहमान ने कहा कि मास्टर प्लान के तहत मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कर उन्हें सजाया जाएगा और एक अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट से विकास कार्य किए जाएंगे।





उन्होंने कहा कि पाकिस्तानम में रहने वाले अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है और पुराने मंदिरों गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार पर अच्छा खासा धन खर्च किया जाएगा। रहमान ने यह भी कहा कि ईटीपीबी को इस साल एक अरब रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में देश भर से हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

ईटीपीबी विकास योजना में संशोधन की जरुरतों के बारे में अपनी बात रख रहे बोर्ड सचिव फरीद इकबाल ने सदस्यों को बताया कि विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजना में बदलाव करने के बाद अब ट्रस्ट की संपत्तियों को विकास के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस्तेमाल नहीं की गई ऐसी जमीनों को विकास के लिए देने से विभाग का राजस्व कई गुना बढ़ जाएगा।

## फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास के पास धमाका, इलाके में मचा हड़कंप

मॉस्को/मार्सिले ,(ए)। फ्रांसीसी शहर मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास में सोमवार को विस्फोट हुआ। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि दूतावास के परिसर में हुआ विस्फोट आतंकवादी हमला हो सकता है।रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने सरकारी समाचार एजेंसी तास से कहा, मार्सिले में रूसी महावाणिज्य दूतावास के क्षेत्र में हुए विस्फोटों में आतंकवादी हमले के सभी लक्षण हैं। हम मांग करते हैं कि जांच के लिए व्यापक और त्वरित कदम उठाए जाएं, साथ ही रूसी विदेशी मिशनों की सुरक्षा को मजबूत किया जाए। फ्रांसीसी और रूसी मीडिया की रिपोर्टों से पता चला है कि विस्फोट सोमवार मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास के पास हुआ, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फ्रांसीसी समाचार चैनल बीएफएमटीवी के हवाले से तास ने बताया कि लगभग 30 अग्निशमन और बचाव कर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया। बताया गया कि अज्ञात व्यक्तियों ने वाणिज्य दूतावास के बगीचे में दो आग लगाने वाले उपकरण फेंके।

# खेल समाचार

## मोहम्मद हफीज ने विराट कोहली को बताया असली किंग, बाबर आजम पर दिया अहम बयान

नईदिल्ली, ,(आरएनएस) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार को खेले गए अहम मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया।

इस मैच में जहां पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, वहीं भारतीय दिग्गज विराट कोहली (100*) ने 51वां शतक जड़कर भारत को आसान जीत दिलाई।मैच के बाद पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने बाबर की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि विराट कोहली क्रिकेट के असली किंग हैं।हफीज ने मैच के बाद गेम ऑन है शो पर कहा, बाबर आजम असली किंग नहीं हैं। यह विराट कोहली हैं। उनके प्रदर्शन को देखिए। उन्होंने पूरी दुनिया में अपना दबदबा बनाया है। अपनी पीआर मशीनरी से बाहर निकलिए। हमें एक




परफॉर्मर की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे बाबर आजम बताइए, पिछले 10 सालों में सबसे बेहतरीन पाकिस्तानी खिलाड़ी कौन है। मुझे भारत के खिलाफ उनका कोई भी एक अच्छा प्रदर्शन तो बता दीजिए। हफीज ने कहा, हम हमेशा शोएब अख्तर के भारत के खिलाफ प्रदर्शन को क्यों याद करते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच में यूनिस खान का नाम बड़ा क्यों होता है। शोएब मलिक ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है।उन्होंने कहा, बाबर, इंजमाम-उल-हक नहीं हैं। इंजी भाई कठिन परिस्थितियों में पाकिस्तान के लिए मैच जीतते थे। बाबर ने आज तक भारत के खिलाफ एक मैच नहीं जीता है। ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड में उन्होंने कभी भी पाकिस्तान को जीत नहीं दिलाई है।

चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर (23) और इमाम उल हक (0) के रूप में शुरुआती 2 विकेट जल्दी खो दिए।

## विराट कोहली ने रिकी पोंटिंग का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा, तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

नईदिल्ली, (आरएनएस) स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

कोहली अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।उन्होंने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।कोहली ने इस मैच में शानदार शतक लगाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई।18 अगस्त, 2008 को श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले कोहली ने अब तक टेस्ट मैचों में 9,230 रन और वनडे में 14,085 रन बनाए हैं।उन्होंने 4,188 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था।अब तीनों प्रारूपों में मिलाकर उनके 27503 रन हो गए हैं।पोंटिंग के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,483 रन दर्ज हैं। कोहली अब केवल सचिन तेंदुलकर (34,357) और कुमार संगाकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली ने मैच में अपना 51वां वनडे शतक लगाया।

## सनी देओल और धोनी एक साथ मैच देखते हुए नजर आये

दुबई (ए)। भारत ओर पाकिस्तान के बीच हुए चैम्पियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल एक साथ बैठकर मैच देखते नजर आये। इसका एक विडियो भी सामने आया है।



सनी आजकल अपनी आने वाली फिल्म जाट पर काम कर रहे हैं। सनी और धोनी का एक साथ मैच का आनंद उठाते हुए का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सिद्धू कमेंट्री करते हुए दोनों की तारीफ करते दिखे हैं। फिल्म जाट के लिए रणदीप हुड्डा ने डबिंग शुरू कर दी है। इसमें सनी देओल,रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा की अहम भूमिका है। फिल्म के हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को प्रसिद्ध अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने कोरियोग्राफ किया है।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमले का खतरा

नईदिल्ली,(आरएनएस) । पाकिस्तान में इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमला होने का खतरा मंडराना शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी संगठन स्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के दौरान पाकिस्तान में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा है।

हालांकि, अभी तक आतंकी हमले का कोई विश्वसनीय स्रोत या पुख्ता साजिश सामने नहीं आई है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की खुफिया एजेंसियों को भी अपने विदेशी समकक्षों से इस संबंध में जानकारी मिली है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने तो हमले की सूचना के बाद अलर्ट जारी कर दिया है।

बता दें कि आईएसकेपी सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक क्षेत्रीय शाखा है जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। इस संगठन ने पहले भी कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान में अभी चैंपियंस ट्रॉफी के तहत एक सेमीफाइनल सहित कुल 7 मुकाबले खेले जाने हैं। इनमें 3 मैच रावलपिंडी, 3 लाहौर और एक कराची में खेला जाएगा।इन मैचों में बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें खेलेंगी।

## मनु की अगुवाई में आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में उतरेगी भारतीय टीम




नईदिल्ली,(आरएनएस) । दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व स्टार महिला विजेता निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप सत्र दक्षिण अमेरिका में विश्व कप के साथ शुरू होगा और इसमें दो चरण होंगे। इसका चरण अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जायेगा। ओलंपिक पदक विजेता मनु विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेंगी। उनके साथ ओलंपियन अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भाग लेंगे। वहीं ऐशा सिंह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस, सिफत कौर सामरा और श्रेयांका साडंगी महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में उतरेंगे। अर्जुन बबूता पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल, पृथ्वीराज टोंडाइमान ट्रैप, अनंत जीत सिंह नरूका स्कीट और रेइजा ढिल्लों महिला स्कीट भी टीम में शामिल हैं। आईएसएसएफ निशानेबाजी से पहले अभ्यास के लिए भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने 14 मार्च से शिविर का भी आयोजन किया है। राइफल संघ ने कहा ,'' हर वर्ग में विश्व कप के तीन चरण होंगे जबकि दो जूनियर विश्व कप भी खेले जायेंगे। विश्व कप का दूसरा चरण सितंबर में दिल्ली में खेला जाएगा। वहीं अगस्त में कजाखस्तान में 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप होगी।

## एक दशक के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम




सेंट जॉन्स (ए)। ऑस्ट्रेलियाई टीक करीब एक दशक के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जा रही है। वेस्ट क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन टेस्ट और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए इस साल जून और जुलाई में उसके यहां दौरे पर आयेगी। यह साल 2015 के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट दौरा होगा। साल 2015-16 में वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों की टीमें पहली बार तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलती हुई दिखेंगी। सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली इस टेस्ट सीरीज का पहला मैच 25 जून से ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में और तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से किंग्स्टन, जमैका में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी।

## पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोट में खेलते दिखेंगे सिनर

लंदन (ए)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर अब पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर खेलते नजर आयेंगे। सिनर सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे और उन्होंने विश्व में जो नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी वह भी पहले की तरह ही रहेगी। सिनर को गत वर्ष मई में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाया गया था जिसके बाद से ही वह निलंबित चल रहे थे पर हाल ही में उनका उनका विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से समझौत हो गया था। इससे बाद उन्हें केवल तीन माह ही निलंबन में और गुजारने होंगे। इस दौरान उनके जीते खिताब ओर ईनामी राशि भी वापस नहीं ली जाएगी। वहीं विश्व के कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी इस प्रकार के फैसले से नाराज हैं। इन खिलाड़ियों का का मानना है कि डोपिंग मामले में इस प्रकार का समझौता सही नहीं है।

# कुबेरेश्वर धाम पर कथा स्थल एवं डायवर्ट मार्गों की व्यवस्थाओं का कलेक्टर, डीआईजी, एसपी ने लिया जायजा

## कुबेरेश्वर धाम पर बनाए गए मिनी आईसीयू का किया निरीक्षण



सीहोर ( निप्र) । कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से 03 मार्च 2025 तक महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के., डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी, एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने संपूर्ण कथा स्थल का भ्रमण कर संचालित हो रहीं कथा स्थल की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर से भोपाल की ओर आने जाने वाले वाहनों को डायवर्ट करने के लिए बनाए गए डायवर्ट प्वाइंट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से करते रहें तथा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होंने पर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाएं तथा तुरंत वैकल्पिक समाधान करें। कथा के दौरान प्रशासन के लिए आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं ताकि किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुबेरेश्वर धाम स्थित दुकानों में विक्रय होने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों की निरंतर जांच की जाए तथा मिलावट या अमानक पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जो भोजन बनाया जाएगा, उसकी खाद्य एवं औषधि निरीक्षक द्वारा समय समय पर जाँच की जाए।

## ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिला कार्यालयों में 31 मार्च 2025 से ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यालयों के अधिकारियों,-कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ई-ऑफिस प्रशिक्षण का प्रथम चरण 10 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यालयों के 20 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय के ई-दक्ष केन्द्र में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ई-आफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एनआईसी के डीईओ अनिल परमार, जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक गौरव बंसल ने अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों तथा मवेशियों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर कांग्रेसजनों ने सौंपा नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को ज्ञापन



सीहोर ( निप्र) । शहर में अवारा कुत्तों द्वारा नागरिकों पर हमला करने से कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है एवं बाजार मोहल्लों में आवारा मवेशी द्वारा नुकसान पहुंचाये जाने व चौराहों पर झुण्ड बनाकर खड़े रहने से आये दिन दुर्घटनाऐं घटित हो रही है। उक्त आवारा कुत्तों व मवेशियों को शहर से हटाकर कार्यवाही किये जाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपा तथा तत्काल कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री डॉ.अनीस खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीताराम भारती, पंकज शर्मा, राजाराम बड़े भाई, महेश दयाल चौरसिया, सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव पूर्व पार्षद आरती खंगराले, कांग्रेस पार्षदगण घनश्याम यादव, विवेक राठौर, मो.हसीन कुरेशी, दीपक सोनकर, घनश्याम जाटव, कमल अहिरवार, पन्नालाल खंगराले, धरम प्रकाश आर्य, मांगीलाल टिमरई आदि शामिल रहे।

# मजदूरों की बाइक रैली को नपाध्यक्ष ने किया हरि झंडी दिखाकर रवाना

### भारतीय मजदूर संघ के युवा सम्मेलन में शामिल हुए कार्यकर्ता

सीहोर ( निप्र) । फूल मालाऐं पहनाकर मजदूरों की बाइक रैली को नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने सैकड़ा खेड़ी रोड स्थित अपने निवास से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवीराम जाटव के मार्गदर्शन में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र जौहरे के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों मजदूर राजधानी भोपाल के केंद्रीय मजदूर भवन में आयोजित युवा सम्मेलन में सम्मिलित हुए।मजदूरों की विभिन्न मांगों के साथ संगठन विस्तार और युवा जोड़ों अभियान को लेकर आयोजित संभागस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ वरिष्ठजनों के द्वारा किया गया। बाइक रैली के रूप में जिले से केंद्रीय भवन पहुंचे



मजदूरों का पुष्प मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष देवीराम जाटव ने कहा की मजदूरों के हित में संगठन लगातार प्रयासरत है प्रदेश सरकार के सक्षम विभिन्न निर्माण मजदूरों के हित की मांगों को भी रखा जा रहा है अनेक मांगों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पूरा भी किया है प्रदेश में मजदूरों और उनके परिवारों के लिए कल्याण और बच्चों की शिक्षा के लिए भी योजनाऐं संचालित की जा रही है लेकिन कई बार जानकारी के अभाव के कारण मजदूर योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते है हमें ऐसे हर मजदूर के पास पहुंचना है और भारतीय मजदूर संघ का सदस्य बनाकर योजनाओं का लाभ दिलाना है। सम्मेलन को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

बाइक रैली में अनिल शाक्य, हरिओम सिलोरिया,सागर चिराग,गोविंद जाटव,विजय नाविक,राकेश लोधी,सचिन लोधी,विजय,सुमेर सिंह, सुरेन्द्र, रिंकू,अभिषेक, आयुष, राजू, सुमित लोधी,माधव सिमोलिया,विकास जाटव,दिनेश जाटव,सरवन जाटव,दिलीप जोशी, विजय, सुरेंद्र,माधव, कुलदीप, सागर,राकेश आदि मजदूर शामिल रहे।

## 25 फरवरी से बंद की जाएगी कोलार नहर

सीहोर (निप्र)। कोलार परियोजना अंतर्गत कोलार बांध वीरपुर से कोलार नहर में सिंचाई के लिए छोड़ जा रहा पानी 25 फरवरी से बंद कर दिया जाएगा। कोलार परियोजना से बुधनी क्षेत्र की रेहटी एवं भैरूंदा तहसील के 132 ग्रामों में 40 हजार हेक्टेयर रकबे में सिचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया गया है। कोलार परियोजना की कार्यपालन यंत्री श्रीमती हर्षा जैनवाल ने बताया कि कोलार परियोजना के अलावा रतनपुर एवं पाटतलाई सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से दुर्गम क्षेत्र में प्रत्येक खेत को पानी दिया गया है एवं सभी के सहयोग से यह रबी सिंचाई का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है। सिंचाई होने से सभी अन्नदाता किसान प्रसन्न है।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राही सम्मेलन आयोजित

सीहोर( निप्र) । जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन कि निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य को जल्द पूरा करने के लिए क्लस्टर लेवल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रह है। ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा सके तथा आवासों का निर्माण समय सीमा में हो सके। सम्मेलन में मकान का नक्शा लेआउट सहित चरण दर चरण निर्माण की पूरी जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में सीहोर जनपद के ग्राम चांदबढ़ में 14 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों, इछावर जनपद के ग्राम मूंडला में 10 ग्राम पंचायतों एवं बुधनी जनपद के ग्राम बांया एवं डोबी में 09 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीहोर जिले को 24,388 आवासों का नवीन लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य के तहत सीहोर जिले में नवाचार कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए जिले के प्रत्येक कलस्टर में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं।



## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन सीहोर शाखा के तत्वाधान में फूलों की होली फाग के गीत

सीहोर ( निप्र) । हर साल की तरह इस साल भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन सीहोर शाखा के तत्वाधान में फूलों की होली फाग के गीतसंगठन सदस्यों के द्वारा रजनी बाहेती के निवास पर किया गया। इस मौके



पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने आस्था और उत्साह के साथ भजन-संगीत का आनंद लिया ठाकुर जी का फाग उत्सव मनाया, फूलों की होली फाग के गीत और रंगारंग नृत्य के साथ फाग उत्सव मनाया, ठंडाई का वितरण किया और होली के प्रश्न उत्तर व गेम खिलवाये और केसरिया वस्त्र में संगठन के सदस्य श्रीमती प्रेमा रुठिया, अध्यक्ष रजनी बाहेती, सचिव मंजू भारतीय, गीता सोडाणी, मोना चौरसिया, विनीता सोनी, इंदु भावसार, शशि विजयवर्गीय, ममता पितलिया, प्रतिभा झवर, ज्योति झवर, ज्योति सोनी, ज्योति अग्रवाल, संध्या विजयवर्गी, ज्योति रुठिया, निर्मला व्यास, सरोज सोनी सभी संगठन सदस्यों ने फाग का आनंद लिया।

## सूर्यवंशी जांगड़ा समाज एकत्ता समिति सीहोर के द्वारा मनाई गई रविदास जयंती

*सीहोर ( निप्र) । संत रविदास सूर्यवंशी समाज धर्मशाला, इंद्रानगर सीहोर में सूर्यवंशी जांगड़ा समाज एकता समिति सीहोर के द्वारा संत शिरामणि रविदास जी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। संत शिरोमणि रविदास जी जयंती समारोह के अवसर पर सभी अनुयायाओं ने रविदास जी के भजनों का श्रवण किया एवं उपस्थित पदाधिकारियों / अतिथियों ने संत रविदास जी के जीवनशैली और उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने पर बल दिया गया तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा बताये मार्ग एवं संविधान पर चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने अपने अपने उद्बोधन में बताया की समाज में व्याप्त कुरीतियों से समाज मुक्त हो और समाज में शिक्षा पर बल दिया तथा संविधान प्रदत्त अधिकारों व देश में आपसी भाईचारा बनाये रखने की बात कही गई। संत शिरामणि रविदास जी जयंती समारोह सम्पन्न होने के उपरान्त भण्डारे में भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। संत शिरामणि रविदास जी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि- कमलेश दोहरे तथा सूर्यवंशी जांगड़ा समाज एकता समिति मध्यप्रदेश के संरक्षक- खूबीलाल सकोरिया नानाखेडी, के.एल. कलेसरिया देवास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-भंवर लाल सूर्यवंशी सीहोर, प्रदेश महासचिव-रामगोपाल बकोरिया नर्मदापुरम, प्रदेश कोषाध्यक्ष-आर.पी. चौधरी नर्मदापुरम, प्रदेश संगठनमंत्री-भैयालाल शेरिया नानाखेडी, देवास जिलाध्यक्ष रतन लाल कलेसरिया, सीताराम बड़ोलिया देवास, बी.एल.चौहान जल संसाधन विभाग, नरेन्द्र खंगराले, श्रीमती आरती खंगराले, सीहोर जिलाध्यक्ष दयाराम गवाटिया, एवं उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद सोलिया, देवीसिंह तमोलिया, रामसिंह पेरवाल, माखन सिंह सिलोरिया, फतहसिंह बडोदिया, राधेश्याम दशलानिया, पर्वत सिंह खेलवाल, कमलसिंह सूर्यवंशी, दिलीप सिंह सूर्यवंशी शिवम बड़ोदिया, अनोखीलाल सूर्यवंशी, कमलेश जांगड़े, अमृतलाल सूर्यवंशी, सतीश पवार, बद्रीलाल दसवंत, रामचन्द्र दसलानिया, मांगीलाल बकोरिया, दयाराम सागर, दिनेश दसवंत, मदनसिंह खेलवाल, प्रेमसिंह बकोरिया, शिवनारायण दसलानिया, आरती दसलानिया, श्रीमती बनवारी मेडम सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व महिला और बच्चे उपस्थित रहे। अंत आभार व्यक्त लाड़सिंह कटारिया ने किया।*

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने की कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट, बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी

सीहोर (निप्र) । जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले शिवमहापुराण को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमले को ड्यूटी पर तैनात



किया है। सोमवार को भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से नपाध्यक्ष श्री राठौर ने पार्षदों की उपस्थिति में मिलकर तैयारियों का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका सीहोर की ओर से करीब तीन दर्जन से अधिक सफाई मित्रों को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के कार्य के लिए लगाया गया है। इसके अलावा पानी के टैंकर, दो फायर बिग्रेड, कचरा गाड़ी आदि की व्यवस्था भी की गई है। नगर पालिका अमले के द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के विशेष इंतजाम आगे भी पूरी तरह किए जाएंगे, जहां पर भी आवश्यकता होगी। वह बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी।

# कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव आज से

### सवा करोड से अधिक रुद्राक्ष होंगे अभिमंत्रित, पंडित प्रदीप मिश्रा ने हजारों सेवादारों की भेंट

### 27 फरवरी और 1 मार्च को किया जाएगा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन



सीहोर ( निप्र) । कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव मंगलवार से 3 मार्च तक होगा। आयोजन को लेकर विठलेश सेवा समिति और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं में इतना उत्साह है कि दो दिन पहले से ही भीड़ उमड़ने लगी है। रविवार और रात तक यहां लगे पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भर गए। श्रद्धालुओं ने अभी से बैठने की जगह सुरक्षित कर ली है। मंगलवार तक लाखों श्रद्धालु पहुंच जाएंगे। मंगलवार को पंडाल के पीछे बनी भोजनशाला में हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं को नुक्ति, मिक्कर, रोटी, सब्जी, खिचड़ी-चावल के साथ अन्य प्रसादी का वितरण अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा किया गया। सात दिवसीय भव्य रुद्राक्ष महोत्सव में आगामी 27 फरवरी और 1 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। विठलेश सेवा समिति, जिला प्रशासन, ग्रामीण और शहरी समाजसेवियों के अलावा जनप्रतिनिधियों के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था के लिए गुरुदेव की प्रेरणा से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से करीब 2000 हजार से अधिक सेवादार व्यवस्था के लिए आए है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन के द्वारा तीन हजार से अधिक पुलिस का बल महोत्सव में अपनी सेवा देने के लिए तत्पर है। पुलिस के जवानों के अलावा एक दर्जन से अधिक विभागों के आला अधिकारियों के अलावा कर्मचारियों को कुंभ की तर्ज पर व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यहां करीब तीन हजार से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। आसपास के जिलों से भी बल बुलाया है। जवान हर प्वाइंट पर तैनात रहेंगे ताकि कोई अव्यवस्था न हो। कुबेरेश्वर धाम पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इमरजेंसी के लिए आईसीयू भी तैयार किया गया है।

**इस महोत्सव की खास बातें-**

इस महोत्सव के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाई है

इस महोत्सव के लिए 25 एकड़ में विशाल कथा पंडाल बनाया गया भोजन-प्रसादी के लिए 11 एकड़ में विशेष व्यवस्था की गई है।

मंदिर परिसर को आकर्षक बनाने के लिए बंगाल से विशेष कलाकारों को बुलाया गया।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग, बैरिकेडिंग, बैठक व्यवस्था, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की गई है

जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया है, श्रद्धालुओं के लिए 60 एकड़ क्षेत्र में आधुनिक लाइटिंग की गई है। हाईवे से कथा स्थल तक 40-40 फ़ीट के एक दर्जन से ज़्यादा रोशनी से सराबोर गेट बनाए गए है।

## कियोस्क प्रोग्राम का हुआ आयोजन

सीहोर(निप्र)। नवकिसान कम्पनी ओपाल द्वारा आयोजित साय बोरखेड़ी में कियोस्क प्रोग्राम का आयोजन किया गया था, जिसमे की किसानो को जुगे की फसल मे कम सर्च में अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु जेदिक प्रोडक्ट पर जौर दिया गया, तथा साथ ही साथ बताया गया की जैसे ही चना, और गेहूँ की कसम करने (कटाई) के तुरंत बाद जब खेट खाली रहे उस समय गोबर के खाद के स्थान पर कम्पनी का जैविक प्रोडक्ट विजया-999 पर जोर दिया गया, कम्मानी के कृषि अधिकारी ललित जायसवाल जी ने बताया कि अगर किसान खाली खेत में एक एकड़ भूमि में विजया-999 के 02 करेंगे तो यह 02 बैग हाली गाँबर कार्य करेगा। ज्यादा अच्छा कार का इस्तेमाल की खाद से साथ ही, साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति में सुधार करेगा सदा को भुरभुरी बनाएगा, मृदा संरचना मे सुधार करेगा, और फसल में प्राप्त होगा।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-735/ खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनाँक 19/02/2025

**म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए**

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **विजय बुधानी आ. श्री प्रेम स्वरूप बुधानी निवासी- विला नं. 11 गोल्डन सिटी होशंगाबाद रोड भोपाल** द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र **दिनांक 23.10.2024** को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु **प्रथम सूचना क्रमांक 5021 दिनांक 29.11.2024** प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | आष्टा | भटौनी | 496/2 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 5.084 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 5.084 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/23429/24

**उप संचालक**
**खनिज प्रशासन**
**जिला-सीहोर**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com